Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 68 | सोमवार, 10 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## न्यूजीलैंड से 25 साल पुराना बदला लिया

# भारतीय टीम बनी चैंपियंस ट्रॉफी की किंग

**नई दिल्ली।**

भारतीय स्पिनर्स की कसी हुई गेंदबाजी के बाद कप्ताान रोहित शर्मा की 76 रनों की पारी की बदौलत टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से मात दी। इसके साथ ही भारतीय टीम ने इतिहास भी रच दिया है। टीम इंडिया अब सबसे ज्यादा चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम बन गई है। इससे पहले भारत-ऑस्ट्रेलिया के नाम 2-2 खिताब थे। टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड से 25 साल पुरानी हार का बदला भी ले लिया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2000 के फाइनल में कीवियों ने भारतीय टीम को हराकर ट्रॉफी जीतने का सपना तोड़ दिया था। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। ऐसे में रोहित शर्मा ने 12 साल का सूखा खत्म कर दिया है। दुबई में खेले गए फाइनल मैच की बात करें तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करने उतरी न्यूजीलैंड टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 251 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 49 ओवर में 6 विकेट खोकर 254 रन बना दिए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कीवी टीम को अच्छी शुरूआत मिली। सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र और विल यंग के बीच 57 रन की पार्टनरशिप हुई। वरुण चक्रवर्ती ने विल यंग को छइह आउट इस पार्टनरशिप को तोड़ा। यंग ने 23 गेंदों पर 15 रन बनाए। इसके बाद कुलदीप यादव ने लगातार 2 अहम विकेट लेकर भारत की वापसी करा दी। 11वें ओवर में कुलदीप ने रचिन रवींद्र को बोल्ड किया। रचिन ने 29 गेंदों पर 37 रन बनाए। 13वें ओवर में कुलदीप ने केन विलियमसन को कॉट एंड बोल्ड आउट किया। केन 14 गेंदों पर 11 रन बना पाए।

**12 साल का सूखा भी खत्म**



## केरल देश में सबसे अधिक निवेश अनुकूल राज्य बन गया हैः मुख्यमंत्री विजयन

**नई दिल्ली।** पार्टी के रुख को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा, हम ऐसे किसी भी पूंजी निवेश का स्वागत करते हैं जो देश के हितों को नुकसान नहीं पहुंचाता। हालांकि, हम ऐसी शर्तों के साथ निवेश स्वीकार नहीं करेंगे जो हमारे हितों के लिए हानिकारक हों। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने रविवार को निवेश आकर्षित करने के लिए राज्य की सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की नीतियों को रेखांकित करते हुए कहा कि पार्टी के दृष्टिकोण ने केरल को देश में सबसे अधिक निवेश-अनुकूल राज्य बना दिया है।

## ट्रंप की चेतावनी के बाद हमास के रुख में नरमी

**काहिरा।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बंधकों की रिहाई को लेकर हमास को चेतावनी देने के बाद फलस्तीनी संगठन अमेरिकी बंधक की रिहाई को लेकर वार्ता कर रहा है। हमास के राजनीतिक सलाहकार ताहेर अल-नोनो ने अमेरिकी दूत एडम बोहेलर से वार्ता होने की पुष्टि की है।

कहा कि हमास अमेरिका और इजरायल की दोहरी नागरिकता वाले बंधक एडन एलेक्जेंडर को रिहा कर सकता है। नोनो ने कहा कि दोहरी नागरिकता वाले बंधकों की रिहाई को लेकर हमारा रुख सकारात्मक है। उसी के लिए हमारी वार्ता चल रही है। बोहेलर ने भी हमास के अधिकारियों के साथ वार्ता होने की पुष्टि की है। विदित हो कि अमेरिका ने हमास को आतंकी संगठन घोषित कर रखा है और यह अमेरिका और हमास के बीच पहली सीधी वार्ता है। इस बीच युद्धविराम को दूसरे चरण में भी जारी रखने के लिए वार्ता के लिए इजरायल अधिकारियों का दल कतर की राजधानी दोहा भेजेगा। यह दल सोमवार को हमास के साथ होने वाली परोक्ष वार्ता में शामिल होगा। इससे पहले हमास ने कहा था कि वह इजरायल के साथ युद्धविराम के दूसरे चरण के लिए वार्ता करने को तैयार है। फलस्तीनी सुरक्षा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के समर्थन से इजरायली बलों ने जेनिन के पूर्वी इलाके में कई आवासीय इमारतों को घेर लिया, जिससे हिंसक झड़पें हुईं, जिसमें हमास कमांडर मारा गया।



### हमास कमांडर को किया था ढेर

अभी कुछ दिन पहले इजरायली सेना ने उत्तरी वेस्ट बैंक शहर जेनिन के पूर्वी इलाके में हमास नेटवर्क के प्रमुख आयसर अल–सादी को मार गिराया था। हालांकि इजरायल ने कहा था कि वह उसे गिरफ्तार करना चाहते थे, लेकिन सैन्य अभियान के दौरान उसकी मौत हो गई।

## नेपाल में राजशाही की बहाली के लिए उठी आवाज



**काठमांडू।**

नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पोखरा से काठमांडू पहुंचे। जैसे ही ज्ञानेंद्र पोखरा से सिमरिक हेलीकॉप्टर से त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरे, राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं सहित सैकड़ों लोगों ने उनके पक्ष में नारे लगाए। भीड़ ने तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर लिखा था 'हमें अपना राजा वापस चाहिए', 'गणतांत्रिक प्रणाली को समाप्त करो और राजशाही को पुनः स्थापित करो', 'राजा और देश हमारे प्राणों से भी अधिक प्रिय हैं।' 77 वर्षीय ज्ञानेंद्र देश के विभिन्न भागों में धार्मिक स्थलों का दौरा करने के बाद पोखरा से काठमांडू लौटे हैं। हवाईअड्डे के बाहर सड़क के दोनों ओर ज्ञानेंद्र की तस्वीर और राष्ट्रीय ध्वज लिए मोटरसाइकिलों पर सवार सैकड़ों लोगों ने उनका स्वागत किया। पूर्व नरेश के समर्थक पिछले कुछ दिनों से काठमांडू और पोखरा सहित देश के विभिन्न भागों में रैलियां निकाल रहे हैं तथा 2008 में समाप्त की गई राजशाही को पुनः बहाल करने की मांग कर रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोइराला, जो प्रथम निर्वाचित प्रधानमंत्री बीपी कोइराला की पोती भी हैं, ने इंटरनेट मीडिया पर नेपालियों से पूर्व नरेश के स्वागत के लिए काठमांडू हवाईअड्डे पर एकत्रित होने का अनुरोध किया।

**बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोइराला, जो प्रथम निर्वाचित प्रधानमंत्री बीपी कोइराला की पोती भी हैं**

### होली साल में सिर्फ एक बार आती है

## अनुज चौधरी के समर्थन में खुलकर सामने आए सीएम योगी

**नई दिल्ली।**

आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस अधिकारी ने शायद एक पहलवान के तौर पर बात की होगी। चौधरी एक पूर्व पहलवान और अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं। आदित्यनाथ ने शुक्रवार की नमाज दोपहर 2 बजे के बाद करने का फैसला करने के लिए धार्मिक नेताओं को धन्यवाद भी दिया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को संभल जिले के पुलिस अधिकारी अनुज चौधरी का समर्थन किया। दरअसल, चौधरी ने हाल ही में मुसलमानों को होली पर जुमे (शुक्रवार) की नमाज घर पर ही अदा करने की सलाह दी थी। उत्तर प्रदेश के सीएम ने पुलिस अधिकारी के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि अर्जुन पुरस्कार विजेता ने जो कहा वह सही है। इंडिया टुडे कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस अधिकारी ने शायद एक पहलवान के तौर पर बात की होगी। चौधरी एक पूर्व पहलवान और अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं। आदित्यनाथ ने शुक्रवार की नमाज दोपहर 2 बजे के बाद करने का फैसला करने के लिए धार्मिक नेताओं को धन्यवाद भी दिया। आदित्यनाथ ने कहा, 'हमें त्योहारों के दौरान एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। हर शुक्रवार को नमाज पढ़ी जाती है, लेकिन होली साल में सिर्फ.एक बार आती है। नमाज में देरी की जा सकती है, और अगर कोई समय पर (दोपहर 1.30 बजे का सामान्य समय) जुमे की नमाज अदा करना चाहता है, तो वह अपने घर में रहकर ऐसा कर सकता है। नमाज के लिए मस्जिद जाना अनिवार्य नहीं है।'



## महिलाओं को डर के साये में नहीं रहना चाहिएः रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।**

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को यहां एक कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकताओं और पैरालिंपियन सहित सात महिलाओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने एक दैनिक अखबार की ओर से आयोजित एक महिला बाइक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि महिला बाइक चालक सशक्तीकरण का प्रतीक हैं। सम्मानित होने वाली सात महिलाओं में जम्मू-कश्मीर की पहली अंतरराष्ट्रीय कार रेसर हुमैरा मुश्ताक, अर्जुन पुरस्कार विजेता पहलवान दिव्या काकरान, घरेलू हिंसा से पीड़ित और समान संघर्ष वाली महिलाओं के लिए गैर सरकारी संगठन की स्थापनाकरने वाली स्वीटी मेहता, मादक पदार्थों के लती लोगों के पुनर्वास के क्षेत्र में व्यापक रूप से काम करने वाली रेखा जिंदल, झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को कंप्यूटर सिखाने के लिए खुद को समर्पित करने वाली नलिनी अस्थाना, पैरा एथलीट कंचन लखानी और सामाजिक कार्यकर्ता नीतू चौधरी शामिल थीं।




## फिर करवट लेने जा रहा मौसम..कहीं लू, तो कहीं भयंकर बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।**

बीते कुछ दिनों में देश के ज्यादातर हिस्सों में तापमान में थोड़ी गिरावट देखने को मिली है। पहाड़ों पर हो रही बारिश और बर्फबारी के चलते आसपास के मैदानी इलाकों में ठंडी हवाएं महसूस की गईं। लेकिन अब मौसम एक बार फिर से करवट लेने जा रहा है।

अगर बीते 24 घंटे की बात करें, तो अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह, असम, केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। हालांकि कोस्टल कर्नाटक, कोंकण व गोवा, सौराष्ट्र व कच्छ में मौसम पहले की तरह ही गर्म रहा। यही हाल मध्य भारत, महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तर प्रायद्वीपीय भारत का भी रहेगा। यहां भी अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। हालांकि कुछ हिस्सों में तापमान में वृद्धि के बाद थोड़ी गिरावट भी देखने को मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, 10 मार्च को जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी और बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश में भी तेज गरज के साथ बारिश देखने को मिलेगी।

### पश्चिम विक्षोभ दिखाएगा असर

इराक के आस–पास एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जो आने वाले दिनों में देश के कुछ हिस्सों पर असर डाल सकता है। मौसम विभाग की मानें तो गुजरात में 12 मार्च तक लू चलने की संभावना है। वहीं उत्तर पश्चिमी भारत में भी अगले कुछ दिनों तक तापमान में वृद्धि देखने को मिलेगी।



## संपादक की कलम से

### अभिव्यक्ति का हक

यह विडंबना ही है कि आजादी के पिचहत्तर साल बाद भी शीर्ष अदालत को याद दिलाना पड़ा है कि संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी अनिवार्य हक है। यह भी कि हमारी पुलिस अब तक स्वतंत्र अभिव्यक्ति का मर्म नहीं समझी है और अकसर राजनीतिक दबाव में कार्यवाही कर देती है। कमोबेश यही स्थिति सत्ता पक्ष की भी है कि वो अपनी आलोचना पर तल्ख होकर अभिव्यक्ति की आजादी का अतिक्रमण करने पर उतारू हो जाता है। ऐसे मामलों में पुलिस का भी दायित्व बनता है कि अभिव्यक्ति की सही व्याख्या करे। उसके बाद ही किसी तरह की कार्रवाई करे। निश्चय ही ऐसे मामलों में बेहद संवेदनशीलता की जरूरत होती है। वहीं दूसरी ओर हाल के दिनों में किसी राजनेता के बयान, फिल्मों, साहित्यिक अभिव्यक्ति पर भावनाएं आहत होने के आरोप लगाने का फैशन ही बन गया है। दरअसल, कला व साहित्य में अभिव्यक्ति बिंबों व प्रतीकों के माध्यम से की जाती है। जिसकी सतही व्याख्या करके आनन–फानन में मुकदमे दर्ज कर दिए जाते हैं। भारतीय समाज की तो सदियों से यह खूबसूरती ही रही है कि सभी विचारों व तर्कों का सम्मान किया जाता रहा है। लेकिन हाल के सोशल मीडिया के दौर में कथित भावना आहत होने के आरोप लगाने का रिवाज सा बन गया है। इसके विपरीत सत्ता पक्ष को सुविधाजनक लगने वाले तल्ख विचारों की अभिव्यक्ति का नोटिस नहीं लिया जाता। विडंबना यह है कि पुलिस भी सत्ता पक्ष के दबाव के चलते न्यायसंगत कार्रवाई नहीं कर पाती। यही वजह है कि पिछले दिनों सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की कविता पर प्राथमिकी दर्ज होने तथा अश्लील अभिव्यक्ति करने वाले रणवीर इलाहाबादिया के प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने मार्गदर्शक टिप्पणियां की। इसमें प्रतापगढ़ी की कविता का मर्म समझे बिना उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की कड़ी आलोचना की गई। साथ ही शीर्ष अदालत ने सरकारी दिशा–निदेर्शों में स्वतंत्र अभिव्यक्ति की गरिमा का ध्यान रखने को भी कहा, जिससे किसी के साथ अन्याय न हो सके। निस्संदेह, अदालत ने स्वतंत्र अभिव्यक्ति के लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों के रूप में अपरिहार्य होने का जिक्र करते हुए दोटूक शब्दों में कहा कि कम से कम आजादी के सात दशक बाद पुलिस को इसकी गरिमा का अहसास होना चाहिए था। कोर्ट ने नसीहत दी कि प्रतापगढ़ी के खिलाफ मामला दर्ज करने से पहले पुलिस को कविता पढ़नी चाहिए थी और उसका वास्तविक अर्थ समझना चाहिए था। कविता इंसाफ और प्रेम को अभिव्यक्त करती थी, न कि हिंसा–दुर्भावना को। कोर्ट ने ऐसी ही टिप्पणी डिजिटल प्लेटफार्म के एक कार्यक्रम में भदेस–अश्लील शब्दावली का प्रयोग करने वाले रणवीर इलाहाबादिया को फिर से कार्यक्रम की अनुमति देते वक्त की है।



ललित शर्मा
संपादक

# पंजाब के किसानों का उबाल दमन नहीं, संवाद से थमेगा

पंजाब में आम आदमी पार्टी की नाकामयाबियां, अप्रभावी प्रशासन कौशल, असंवाद, हठधर्मिता एवं दमनात्मक कदमों से अराजकता एवं अशांति का वातावरण उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है आप सरकार के पाप का घड़ा भर चुका है, जनता, किसान एवं अधिकारी सभी कोई त्रस्त एवं परेशान है। इसकी निष्पत्ति के रूप में सामने आ रहा है किसानों का आन्दोलन एवं आम जनता का अंतोष। ये वे ही किसान है जिनको भड़काकर, गुमराह करके एवं गलत दिशाओं में धकेल कर आप पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने केन्द्र सरकार के सामने जटिल स्थितियां पैदा की, दिल्ली की जनता का सुख-चैन छीना था एवं खुद किसानों का मसीहा बनने का प्रयास किया था। अब उन्हीं किसानों की समस्याओं को सुनने की बजाय उन पर सख्त दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। नौ सौ चूहे खाय बिल्ली हज को चली कहावत को चरितार्थ करने वाली आप सरकार के लिये पंजाब एक जटिल समस्या एवं चुनौती बनकर खड़ी है। जैसी करनी वैसी भरनी-यही हश्र हो रहा है आप सरकार की कथनी और करनी में फर्क की राजनीति का। पंजाब की आप सरकार पहले किए गए कई चुनावी वादों को पूरा करने नाकाम रही है, हालांकि, नाटकीयता के प्रति उसकी प्रवृत्ति के अलावा, सभी चुनावी वादे एवं घोषणाएं काफी हद तक असफल रही है। पंजाब में मान सरकार के खिलाफ नाराज किसानों ने मोर्चा खोल दिया है, चंडीगढ़ चलो मार्च के लिए कूच करने वाले किसानों को भले ही पुलिस ने रोक दिया, चंडीगढ़ की सभी सीमाओं पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी हो और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया हो। लेकिन बातचीत की बजाय ऐसे दमनात्मक तरीकों से किसान अधिक भडकेंगे। सवाल यह है कि कृषि प्रधान राज्य क्या किसानों के हितों की अनदेखी कर सकता है?

पंजाब में हालात अनियंत्रित, जटिल, अराजक एवं अशांत होते जा रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के एक घटक द्वारा चंडीगढ़ में नये सिरे से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी के बाद पुलिस-प्रशासन की सख्ती से बुधवार को सामान्य जीवन व यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ। चंडीगढ़ से लगते इलाकों में पुलिस के अवरोधों के चलते वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। जिन हालातों को दिल्ली की जनता ने लम्बे समय तक झेला, वे ही हालात अब पंजाब के हो रहे हैं। पुलिस आंदोलनकारियों से निबटने के लिये सख्त एवं आक्रामक बनी रही और कई किसान नेताओं को गिरफ्तार किया गया। चंडीगढ़ के अनेक प्रवेश मार्गों को सील किया गया था और भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। सवाल उठाया जा रहा है कि आप सरकार की यह सख्ती क्या हताशा का पर्याय है या समस्याओं से निपटने में उसकी नाकामी को दशार्ता है? बड़ी-बड़ी आदर्श की बातें करने वाली आप पार्टी का दोगला चरित्र ही उजागर हो रहा है। भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप पार्टी की सरकार, जिसे कभी बदलाव का अग्रदूत एवं जन-जन का सच्चा हितैषी माना जाता रहा है, अब खुद को प्रमुख हितधारकों-किसानों, राजस्व अधिकारियों और नौकरशाही के साथ उलझी हुई पा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि किसानों का सबसे बड़ी हितैषी मानने वाली सरकार आज किसानों की दुश्मन कैसे हो गयी? कृषिभूमि पंजाब को कैसे अशांत होने दिया जा रहा है?

आप सरकार द्वारा जिस तरह से लंबे समय से आंदोलनरत किसानों की मांगों के प्रति उदासीनता एवं उपेक्षा दशार्यी जा रही है, उससे किसानों की लोकतांत्रिक भागीदारी को लेकर चिंताएं पैदा होती हैं। निश्चित रूप से किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन के दमन से सामाजिक विभाजन और संघर्ष की स्थितियां ही गहराती है, आन्दोलन एवं विद्रोह भावना भड़कती है। दरअसल, पंजाब का संकट सिर्फ हड़ताली अधिकारियों या फिर विरोध करने वाले किसानों को लेकर ही नहीं है। यह असंतोष शासन के दोगलेपन, रीति-नीतियों, झूठे आश्वासनों एवं छलपूर्ण कार्यप्रणाली से जुड़ा है। ये स्थितियां न केवल किसान आंदोलनकारियों से सहज संवाद की कला को खोती हुई प्रतीत हो रही है, बल्कि जिसने पंजाब को नशे का जंगल बना दिया है, आतंकवाद को पनपने दिया एवं महिलाओं को नाराज किया है। निश्चित रूप से अपने राज्य के लोगों के साथ सख्ती का व्यवहार एवं झूठे वायदों ने तंत्र की नाकामी को ही उजागर करता है। निर्विवाद रूप से निराशाजनक वातावरण को यथाशीघ्र दूर करने के प्रयास किए जाने चाहिए, अन्यथा पंजाब की अशांति एवं अराजकता प्रांत को न केवल आर्थिक मोर्चे पर बल्कि सुशासन के मोर्चे पर धराशाही कर देगी।



संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुरू हुआ किसान आंदोलन अब उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। इस आन्दोलन से उपजे हालात से जनजीवन अस्तव्यस्त हो रहा है। जाम की बड़ी समस्या पर आम लोग कह रहे कि जाम किसानों की तरफ से है या सरकार की तरफ से

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुरू हुआ किसान आंदोलन अब उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। इस आन्दोलन से उपजे हालात से जनजीवन अस्तव्यस्त हो रहा है। जाम की बड़ी समस्या पर आम लोग कह रहे कि जाम किसानों की तरफ से है या सरकार की तरफ से। दरअसल, पंजाब जो लंबे समय से कृषि क्षेत्र में उदार दृष्टिकोण एवं हरित क्रांति वाला राज्य रहा है, तंत्र की संवेदनहीनता और शासन की आक्रामकता के चलते अब अशांत नजर आ रहा है। समय रहते किसानों की मांगों को पूरा न किए जाने और कारगर समाधान के लिये परामर्श न मिल पाने से निराश किसान यूनियनों ने नये सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिसकी परिणति चंडीगढ़ चलो मार्च के रूप में सामने आई है। किसान नेता आरोप लगा रहे हैं कि किसानों की समस्याओं के समाधान पर संवेदनशील रवैया अपनाने के बजाय दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। जिसे वे देर रात छापेमारी करके किसान नेताओं की गिरफ्तारी और चंडीगढ़ की सीमाएं सील करने के रूप में देख रहे हैं। अपनी हार एवं नाकामयाबियों से बौखलायी आप सरकार अधिकारियों को निलंबित एवं तबादलें कर रही है, जिससे किसानों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों में भी गहरा असंतोष सामने आ रहा है, वे भी तल्ख प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। राजस्व अधिकारियों ने सामूहिक अवकाश लेने के विकल्प चुनकर सरकार की समस्याओं को बढ़ा दिया है।

पंजाब में आप सरकार की चुनौतियां बढ़ती जा रही है। आम लोग अब बार-बार होने वाले प्रदर्शनों, धरनों और नाकेबंदियों से ऊब चुके हैं। आप शासन की खामियां ही उजागर हो रही हैं, अधूरे वादों, कानून-व्यवस्था या आर्थिक चुनौतियों जैसे मुद्दों पंजाब की शांति को लील रहे हैं। भगवत मान छल और झूठ की राजनीति करते हुए अपने हर वादे से मुकर रहे हैं। दरअसल, केजरीवाल भ्रष्टाचार के विरोध में आन्दोलन के योद्धा के रूप में भारतीय राजनीति में चमके और दिल्ली के साथ पंजाब में उनकी सरकार बनी। दिल्ली में उनकी सत्ता जा चुकी है। पंजाब की स्थितियां उसके लिये खासी चुनौतीपूर्ण व जोखिमभरी बनती जा रही हैं। भले ही मान सरकार अपने को, समय को पहचानने वाला साबित कर रहे हो, लेकिन वह अपने प्रदेश को, अपने पैरों की जमीन को एवं राजनीतिक मूल्यों को नहीं पहचान रहे हैं। यह नियति का व्यंग्य है या सबक? आप के शीर्ष नेताओं के लिये पहले श्रद्धा से सिर झुकता था अब शर्म से सिर झुकता है। कैसे आप की राजनीति एवं शासन-व्यवस्था इस शर्म के साथ जनता से मुखातिब होगी? कैसे पंजाब को समस्याओं से मुक्ति देगी? पंजाब के किसानों का उबाल दमन से नहीं, सार्थक संवाद से ही थमेगा।

**- ललित गर्ग**

## कृष्णा चौहान

## जी लो जिंदगी जी भर के

कविता



जी लो जिंदगी जी भर के,
हर पल मुस्कुराना हैं !
जिंदगी दो पल की हैं,
अंहकार नहीं करना हैं!

ये धन दौलत खेती बारी,
सब यही रह जाएगा!
खाली हाथ आए हैं
और खाली हाथ जाना हैं!

लोभ, क्रोध, लालच,
नहीं करना हैं!
अच्छे कर्म करके हमे,
सत्य के राह पर चलना हैं!

दु:ख दर्द को सहकर,
जीवन में आगे बढना हैं!
दिन रात एक करके,
सफलता को पाना हैं!

# भारत सहित राष्ट्रमंडल के 56 देशों का वार्षिक उत्सव व अंतरराष्ट्रीय अद्भुतता दिवस का एक साथ आगाज 10 मार्च



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत की कहावतें मुहावरे संतों के वचन आध्यात्मिकता से निकली बातें चाहे वह हजारों वर्ष पूर्व भी कहीं गई कहीं या लिखी गई हो लेकिन वह आज भी सच साबित हो रही है क्योंकि पूर्व में भी उसका नतीजा सकारात्मक रहा है व भविष्य में भी यही सटीकता वाला क्रम चलता रहेगा यह कहावतें एक और एकग्यारह, एकता में बल, एक है तो नेक इत्यादि अनेक कहावतों का परिणाम हम यूरोपीय यूनियन 27 देश, अफ्रीकी संघ चौपन देश, इस्लामिक संघ 54 देश, राष्ट्रमंडल 56 देश इत्यादि हजारों समर्थ प्रमाण है तो वहीं राष्ट्रमंडल देशों के वार्षिक उत्सव 10 मार्च 2025 की थीम भी इन भारत मुहावरों से मिलती-जुलती है कि एक साथ हम आगे बढ़ते हैं। चूँकि राष्ट्रमंडल दिवस पर धार्मिक नागरिक सफाई, स्कूल सभाएं, वाद विवाद, सांस्कृतिक समारोह होते हैं तो वहीं अंतर्राष्ट्रीय अद्भुतता दिवस पर गुणों का विकास संदर्भित है इसलिए आज हम मीडियम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत सहित राष्ट्रमंडल के 56 देशों का वार्षिक उत्सव व अंतराष्ट्रीय अद्भुतता दिवस का एक साथ ! आगाज 10 मार्च 2025

साथियों बात अगर हम 10 मार्च 2025 मार्च के अंत तक चलने वाले 56 देशों के राष्ट्र मंडल दिवस की करें तो राष्ट्रमंडल दिवस राष्ट्रमंडल के 56 देशों का वार्षिक उत्सव है। राष्ट्रमंडल देश प्रशांत, अफ्रीका, एशिया, यूरोप, कैरिबियन और अमेरिका में पाए जाते हैं।राष्ट्रमंडल दिवस का विषय क्या है? हर साल राष्ट्रमंडल दिवस के लिए एक थीम चुनी जाती है। इस साल की थीम है 'एक साथ हम आगे बढ़ते हैं' ।राष्ट्रमंडल देशों में शामिल हैं:यूनाइटेड किंगडम कनाडा ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड,पापुआ न्यू गिनी सिंगापुर मलेशिया भारत पाकिस्तान बांग्लादेश श्रीलंका

साइप्रस माल्टा जमैका केन्या जाम्बिया घाना नाइजीरिया दक्षिण अफ़्रीका और भी कई ! राष्ट्रमंडल के सदस्य देशों ने एक ताकत के रूप में भारत को मान्यता दी है। अफ्रीकी, कैरेबियन और दक्षिण प्रशांत के लगभग सभी राष्ट्रमंडल देशों ने भारत के साथ जिस प्रकार सहयोग बढ़ाया है, उससे अब बेहतर रूप से मान्यता मिली है। राष्ट्रमंडल देशों की कुल आबादी में लगभग 50 पर्सेंट और कुल जीडीपी में लगभग 30 पर्सेंट हिस्सेदारी भारत की है। राष्ट्रमंडल 56 स्वतंत्र देशों का एक स्वैच्छिक संघ है, जिनमें से लगभग सभी पहले ब्रिटिश शासन के अधीन थे। राष्ट्रमंडल की उत्पत्ति ब्रिटेन के भूतपूर्व साम्राज्य से हुई है। राष्ट्रमंडल के कई सदस्य ऐसे क्षेत्र थे जो ऐतिहासिक रूप से विभिन्न समयों पर बसावट, विजय या अधिग्रहण के माध्यम से ब्रिटिश शासन के अधीन आ गए थे।राष्ट्रमंडल के बारे में तथ्यः (1) राष्ट्रमंडल में 2 अरब से अधिक लोग हैं! (2) पृथ्वी पर हर तीन में से एक व्यक्ति राष्ट्रमंडल का हिस्सा है। (3) प्रशांत महासागर में स्थित नाउरू जैसे बहुत छोटे द्वीप भी राष्ट्रमंडल का हिस्सा हैं।(4) ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका राष्ट्रमंडल में ब्रिटेन के साथ शामिल होने वाले पहले देश थे।(5) स्वतंत्रता के लिए लंबे संघर्ष के बाद भारत 1947 में राष्ट्रमंडल में शामिल हुआ। (6) दक्षिण अफ्रीका 1961 में राष्ट्रमंडल से अलग हो गया और 1994 तक राष्ट्रमंडल में वापस नहीं लौटा।(7) 1990 में नामीबिया राष्ट्रमंडल में शामिल होने वाला पहला देश बना जो कभी ब्रिटेन द्वारा शासित नहीं था। (8) 2009 में राष्ट्रमंडल देशों ने राष्ट्रमंडल की 60वीं वर्षगांठ मनाई। राष्ट्रमंडल दिवस कैसे मनाया जाए? हमारे पास बहुत सारे उपयोगी संसाधन हैं जिनका उपयोग आप अपने छात्रों को राष्ट्रमंडल दिवस पढ़ाने और मनाने के लिए कर सकते हैं। हमारे पास वर्कशीट, गतिविधियाँ, पावरपॉइंट और बहुत कुछ है। (1) हम अपनी कक्षा को राष्ट्रमंडल के बारे में पढ़ाने के लिए हमारे राष्ट्रमंडल पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन से शुरूआत करना पसंद करेंगे। (2) हमारे पास एक उपयोगी राष्ट्रमंडल दिवस संसाधन पैक है , जिसमें वह सब कुछ शामिल है जो हमको अपने बच्चों को राष्ट्रमंडल के बारे में सिखाने के लिए चाहिए। इसमें रंग भरने वाली शीट, पावरपॉइंट, शब्द खोज, तथ्य पत्रक, प्रदर्शन पोस्टर और बहुत कुछ शामिल है! (3)यदि हम अपने विद्यार्थियों को राष्ट्रमंडल के अनेक देशों के बारे में सब कुछ सिखाना चाहते हैं, तो यह राष्ट्रमंडल स्थानिक ज्ञान मानचित्र गतिविधि बहुत अच्छी होगी! (4) यदि हम असेंबली पावरपॉइंट की तलाश में हैं, तो और कहीं न जाएँ! हमारे पास यहाँ एक सुंदर राष्ट्रमंडल दिवस असेंबली पावरपॉइंट है! (5) क्यों न हम भी इस राष्ट्रमंडल खेल सूचना पावरपॉइंट पर एक नजर डालें ! और, हमारे निःशुल्क संसाधन कॉमनवेल्थ फ्लैग्स बिंगो को देखें - जो आपकी कक्षा के साथ करने के लिए एक उत्कृष्ट और मजेदार गतिविधि है। (6) इन राष्ट्रमंडल खेलों के डॉट-टू-डॉट गतिविधि शीट्स पर एक नजर जरूर डालें।




साथियों बात अगर हम 10 मार्च 2025 को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय अद्भुतता दिवस को समझने की करें तो, हर साल 10 मार्च को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय अद्भुतता दिवस एक ऐसा दिन है, जिस दिन कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कोई भी हो, अपनी अद्भुतता का जश्न मना सकता है। हाँ, हम सभी में ऐसे गुण होते हैं जो हमें किसी न किसी तरह से अद्भुत बनाते हैं। इसलिए आज, अपनी सभी असुरक्षाओं को दूर करें और खुद को वह प्रशंसा देने के लिए तैयार हो जाएँ जिसके आप हकदार हैं। निश्चित रूप से कोई भी व्यक्ति परिपूर्ण नहीं होता। दूसरी ओर, हर कोई अपने तरीके से अद्भुत होता है। हमको बस अपने किसी गुण को उजागर करना है और उस पर ध्यान केंद्रित करना है जो उसे इतना खास बनाता है। इस दिन का उपयोग दूसरों को यह बताकर खुशी साझा करने के लिए करें कि वे कितने अद्भुत हैं अंतर्राष्ट्रीय अद्भुतता दिवस का इतिहास- अद्भुतता' शब्द के कई सकारात्मक अर्थ हैं। उदाहरण के लिए,यह किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व में उल्लेखनीय गुण को संदर्भित कर सकता है। साथ ही, यह एक ऐसे गुण को दशार्ता है जो दूसरों में विस्मय पैदा करता है।

नतीजतन, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि आजकल इस शब्द का अत्यधिक उपयोग किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय अद्भुतता दिवस एक मजेदार कार्यक्रम है जो सकारात्मकता फैलाने में कामयाब होता है क्योंकि यह वर्ष के ऐसे समय में आयोजित किया जाता है जब अद्भुत लोगों का जश्न मनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। हम सोच रहे होंगे कि कोई व्यक्ति अद्भुत कैसे बन जाता है। खैर, एक अद्भुत व्यक्ति वह होता है जो प्रभावशाली, भयानक या प्रेरक होता है। यह कहानी है कि यह दिन कैसे शुरू हुआ? अंतर्राष्ट्रीय अद्भुतता दिवस पहली बार 2008 में केविन लॉवर द्वारा मनाया गया था, जो इस दिन के निमार्ता हैं। लॉवर को इस उत्सव का विचार फ्रेडी मानेरो नामक एक प्रशिक्षु के साथ काम करते समय आया था। प्रशिक्षु ने सुझाव दिया था कि लॉवर की अद्भुतता का जश्न मनाया जाना चाहिए,इसलिए इस दिन की घोषणा ट्विटर पर की गई।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# पीएनबी सहायक मैनेजर के साथ बीमा पॉलिसी व फाइल चार्ज के नाम से साइबर फ्रॉड करने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** अवगत कराना है कि दिनांक 17 फरवरी 2025 को वादी द्वारा लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि वह पंजाब नेशनल बैंक मे सहायक मैनेजर के पद पर कार्यरत है इस दिन फोन कॉल आयी कि उसके पीएनबी मेटलाइफ टर्म प्लान में एजेंट कोड हटाने के लिए 25 हजार रुपये भेजने के लिए कहा गया। वादी द्वारा अपने खाते से आईएमपीएस के माध्यम से पैसे भेज दिये गये। तथा उसके उपरांत पुनः फोन आया कि औ? बताया गया कि एक पॉलिसी लेले जिसमे 6 हजार रुपये प्रतिमाह मिलता रहेगा, यह एक वन टाइम पॉलिसी है। इसके बाद वादी द्वारा उनके बताये गये खाता सं0 मे रुपये डाल दिये गये। तथा उसके पश्चात पोलिसी की फाइल मे कमी होने की कहकर बार-बार विभिन्न खातों मे पैसे डलवाये गये। जिसके उपरांत वादी की प्राप्त लिखित तहरीर के आधार साइबर क्राइम पुलिस थाना हाथरस पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम पुलिस को घटना के अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को हाथरस सिटी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पांच मोबाइल फोन, तीन चैक बुक, दो ए.टी.एम., चार आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, तीन मतदाता पहचान पत्र व 4,140 रुपए नगद बरामद बरामद हुए। पकड़े गए अभियुक्त का नाम बिकुल कुमार उर्फ सोनू पुत्र दिनेश है, जो नि0 नरमा धनुखी थाना हथौली जिला मुजफ्फरपुर बिहार हाल नि0 मकान नं0 33 सिद्दार्थ विहार थाना अंकुर विहार लोनी जिला गाजियाबाद का रहने वाला है।

### लालच देकर करता था ठगी


अभियुक्तगण द्वारा फर्जी आधार कार्ड द्वारा बैंक एकाउंट खुलवाकर अपने साइबर कैफे की मदद से लोगो को बीमा पॉलिसी व फाइल चार्ज व रुपयो को थोडे ही समय मे दोगुना करने जैसे प्रलोभन देकर बैंक खातो मे बडी रकम डलवा ली जाती थी, जिसके बाद नम्बर बन्द कर दिये जाते थे। अभियुक्तगण द्वारा फर्जी प्रपत्रो पर सिम ले लेते थे तथा बैंक एकाउंट भी खुलवा लेते थे। फोन काल द्वारा टारगेट किये गये व्यक्ति को बीमा पॉलिसी के नाम से कम समय मे दोगुना फायदा दिखाकर रुपये खातो मे डलवा लिये जाते थे, जिसके बाद बार बार प्रपत्रो मे कमी निकालकर फाइल चार्ज के नाम से पैसा डलवाते रहते थे तथा बाद मे मोबाइल नम्बरो को बन्द कर दिया जाता था।

## पुलिस ने दहेज की बात को लेकर आत्महत्या के लिए उकसाने के मामलें में वांछित अभियुक्ता को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा अजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना महुली के नेतृत्व में थानाध्यक्ष श्याम मोहन, का0 मोहन चौहान, म0का0 पूजा चौहान ने मु0अ0सं0 33/2025 धारा 108 बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम मे वांछित अभियुक्ता दुर्गावती पत्नी रामाज्ञा निवासी शांति नरगापार थाना महुली को शनिचरा तिराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि उक्त अभियुक्ता, वादी की पुत्री को दहेज के लिए काफी समय से प्रताड़ित व दहेज की मांग कर रहे थे जिससे क्षुब्ध होकर वादी की पुत्री दिनांक 04.02.2025 को आत्महत्या कर ली थी। जिसके संबन्ध में वादी द्वारा थाना महुली पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# पुलिस लाइन जनपद संतकबीरनगर में बलवा मॉक ड्रिल एवं दंगा निरोधक उपकरणों का किया गया पूर्वाभ्यास

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व समस्त क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर जनपद में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने तथा किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के उद्देश्य बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया गया, रिजर्व पुलिस लाइन्स में कार्यरत उपनिरीक्षकों / मुख्य आरक्षियों / आरक्षियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान पुलिस टीम को दंगा निरोधक / बल्वा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। पुलिस बल के कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया व पुलिस बल को दंगाईयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके / गुर सिखाये गये। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार / लाठी चार्ज / आँसू गैस के गोले और दंगाईयों पर रबर के गोले / एंटी राइट गन / रबर बुलेट गन / टीयर गैस गन / हैंड ग्रेनेड / मिर्ची बम आदि शस्त्रों को चला कर पूर्वाभ्यास किया गया साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत कुमार चौहान, क्षेत्राधिकारी धनघटा अजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दमन सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रियम राज शेखर पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा पीआरओ दुर्गेश कुमार पाण्डेय समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने इस अवसर पर उपस्थित पुलिस कर्मियों और अधिकारियों से आगामी होली, ईद, रमजान और अन्य धार्मिक और सांस्कृतिक त्यौहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसरों पर पुलिस प्रशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, सभी थाना प्रभारी/ चौकी प्रभारी/ हल्का प्रभारी / बीट प्रभारी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए धर्मगुरू/जनमानस से संवाद स्थापित कर समस्याओं से अपने उच्च अधिकारी को तत्काल अवगत कराये।

## रमजान महीने में हर रात असंख्य लोगों को नरक से मिलती है आजादी : कारी नसीरुद्दीन



**संतकबीरनगर।** मदनी जामा मस्जिद के इमाम हाफिज कारी नसीरुद्दीन ने माह ए रमजान की विशेषताओं के बारे में बताया कि माह ए रमजान के इतवार के दिन आठ रोजे पूर्ण हो जाएंगे। इस माह की पवित्र धर्मग्रंथ कुरान पाक और हदीस की किताबों में बहुत सी विशेषताओं का वर्णन किया गया है। दीन ए इस्लाम के पांच प्रमुख स्तंभ हैं जिसमें एक प्रमुख स्तंभ पवित्र माह रमजान के रोजे रखना है। अल्लाह ने रमजानुल मुबारक के महीने को शेष तमाम ग्यारह महीनों में से सर्वश्रेष्ठ बनाया। रोजे के लिए इसे विशेष महीना का दरजा दिया। कारी नसीरुद्दीन ने कहा इसी महीने में कुरान को अवतरित किया। इस महीने की एक विशेष रात है जो हजार महीनों से बेहतर है। इस महीने में जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। जहन्नम नर्क के दरवाजे बंद कर दिए जाते है। इस महीने में अल्लाह तआला हर रात असंख्य लोगों को जहन्नम से स्वतंत्र करते हैं। इस महीने की आखिरी दस रातें साल की सबसे उत्कृष्ट अफजल रातें हैं।

## पीआरवी 6005 द्वारा मारपीट में घायल 01 व्यक्ति को भेजवाया अस्पताल

**संतकबीरनगर।** पीआरवी 6005 को थाना बखिरा क्षेत्रांतर्गत गौहनिया माफी से कालर द्वारा मारपीट में घायल 01 व्यक्ति शैलेन्द्र पुत्र रामसंवर निवासी गौहनिया माफी थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी मु0आ0 शशिभानु मणि, आ0 राजकुमार कश्यप, आ0 रामराज, हो0चा0 शच्चिदानंद मिश्रा ने घटनास्थल पर समय से पहुँचकर दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से ईलाज हेतु सीएचसी सेमरियावा भेजवाया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना बखिरा को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर समय से पहुँचकर मारपीट में घायल व्यक्ति को ईलाज सीएचसी सेमरियावा भेजवाया गया।

## 138 वाहनों से 1,57,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया

**संतकबीरनगर।** रविवार को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 138 वाहनों से 1,57,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

## नाबालिग को भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा अजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना धनघटा के नेतृत्व में उ0नि0 अनील कुमार राय, म0का0 सीता यादव ने मु0अ0सं0 95/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस में वांछित अभियुक्त आकाश पुत्र गबर निवासी बकौली कला थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर को रामजानकी मार्ग सब्जी मण्डी के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि अभियुक्त उपरोक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को दिनांक 01.03.2025 को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में वादी द्वारा प्रार्थना पत्र देकर थाना धनघटा पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

## दहेज हत्या के मुकदमे में दो गिरफ्तार



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार फरार/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए दहेज हत्या के मुकदमे से सम्बन्धित दो अभियुक्त व एक अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तो की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने पकड़े गए लोगों के नाम अभिषेक पुत्र विजय पाल सिंह, विजय पाल सिंह पुत्र स्वः रामप्रसाद निवासी अईयापुर थाना कोतवाली नगर जनपद हाथरस बताए है।

# भारत विकास परिषद की अध्यक्ष बनीं : डॉ दीपा राय



**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** भारत विकास परिषद धनवंतरी शाखा की आम सभा का आयोजन स्थानीय हॉस्पिटल के सभागार में किया गया जिसमें पूर्व वर्ष में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई एवं 2025-26 हेतु निर्वाचन प्रक्रिया की गई। आज की इस आम सभा एवं निर्वाचन प्रक्रिया में डॉ सी पी गुप्ता प्रांत अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं समस्त चुनाव प्रक्रिया में चुनाव पर्यवेक्षक इंजीनियर एम एस गुप्ता एवं आर पी गुप्ता प्रांतीय संरक्षक, अशोक अग्रवाल पीएनबी प्रांतीय संगठन सचिव ने संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया।

अध्यक्ष पद पर डॉ दीपा राय, सचिव पद पर नीलम रवि एवं कोषाध्यक्ष पद पर संगीता गुप्ता चुनी गई। समस्त चुने हुए पदाधिकारीयो को मुख्य अतिथि एवं निर्वाचन अधिकारियों ने माल्यार्पण कर उनको बधाई दी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष रजनी गुप्ता एवं डॉ कमलेश शिवहरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ एच पी राय, सुशील जांगड़े, दीपक घनघोरिया, चंदन असौलिया, ओम प्रकाश गुप्ता, मीरा वर्मा, अरुण राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# अरूणिमा साहित्यिक संस्था ने मनाया महिला दिवस और फाग उत्सव

**वेलकम इंडिया**



**नई दिल्ली।** राजधानी की साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अरुणिमा द्वारा महिला दिवस और फाग उत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

संस्था की अध्यक्ष संध्या सेठ की अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष गीतांजलि जादौन, सचिव बबली सिन्हा वान्या, महासचिव पूजा श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष उषा चन्द्रा के आतिथ्य में समारोह आयोजित हुआ। सानिध्य संस्था संरक्षक डॉ गीतांजली नीरज अरोड़ा का रहा।

अतिथियों के स्वागत के पश्चात मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्वलन और नेहा जैन की सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई। कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि डॉ.अवधेश तिवारी भावुक, दिनेश तिवारी, डी पी शर्मा, डॉ अर्पना भटनागर, पुनिता सिंह, डॉ सरिता गर्ग सरि, मधु वर्मा, उषा चंद्रा, शांतवना सिंह शुक्ला, कुमारी ममता, अर्चना झा, डॉ ओम प्रकाश प्रजापति, दास प्रेम, डॉ अंजू अग्रवाल उत्साही, नेहा जैन, संगीता वर्मा, सीमा भड़ाना, सुकृति श्रीवास्तव, डॉ गीतिका चतुर्वेदी, शशि किरन श्रीवास्तव, पूजा श्रीवास्तव, लक्ष्मी अग्रवाल, बेबी गुंजन अग्रवाल, बबली सिन्हा वान्या, डॉ निवेदिता शर्मा, गीतांजलि जादौन, संध्या सेठ, डॉ गीतांजली अरोड़ा गीत ने महिला सशक्तिकरण पर बेहतरीन रचनाओं की प्रस्तुति दे कर समारोह में समा बांध दिया। अंत में संरक्षिका डॉ गीतांजलि अरोड़ा गीत जी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल 30 छात्रों को किया सम्मानित



**वेलकम इंडिया**

**सासनी।** राष्ट्रीय आय एवं छात्रवृत्ति योग्यता परीक्षा 2024 में कंपोजिट स्कूल बिजली घर के शिक्षक अनिल कुमार और गौरव यादव द्वारा पढ़ाए गए 30 बच्चों का चयन होने के उपरांत रविवार को उनका सम्मान समारोह सम्यक वाचनालय और पुस्तकालय पर रखा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि धर्मेंद्र कुमार जेई ने बच्चों को प्रोत्साहित किया, इस पुस्तकालय पर इन बच्चों को जुलाई 2024 से लेकर नवंबर 2024 तक तैयारी कराई थी। जिसमें लगभग 70 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया तथा 30 विद्यार्थियों ने अलग-अलग विद्यालय के सफलता प्राप्त की। जिसमें कन्या इंटर कॉलेज, केजैन इंटर कॉलेज, लवकुश इंटर कॉलेज, जूनियर स्कूल सासनी, कंपोजिट स्कूल बिजली घर, यूपीएस दीदमाई, यूपीएस तिलौथी आदि के बच्चे शामिल थे। 10 नवंबर 2024 को संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में पूरे जनपद के लगभग 1500 बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें से 28 फरवरी को जारी हुए परिणाम के अनुसार 139 बच्चे चयनित हुए। इस अवसर पर बसी जिलाध्यक्ष राजेश बौद्ध, उपाध्यक्ष प्रेम सिंह बौद्ध, ब्लॉक अध्यक्ष युवराज सिंह, सरनाम सिंह सेनेटरी इंस्पेक्टर, गौरव कुमार यादव, धर्मेंद्र कुमार जेई आदि उपस्थित थे।

## मेरठ बस अड्डे पर मिली ड्राइवर की लाश, पुलिस कर रही दोनो एंगल से जांच

**बुलंदशहर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव जैनपुर निवासी रवि कुमार (32) की बीती शाम को संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मेरठ अड्डे पर निजी बस पर परिचालक की नौकरी करने वाले रवि का शव अड्डे पर ही मिला। जिसकी सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। साथ ही मामले में तहरीर देकर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले में हत्या और सड़क दुर्घटना में जांच कर रही है। जल्द ही अधिकारी स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रहे हैं। रवि कुमार मेरठ बस अड्डे पर एक प्राइवेट बस पर परिचालक की नौकरी करते थे। बताया गया कि शनिवार सुबह को भी वह घर से बस पर नौकरी के लिए निकले थे। लेकिन देर शाम परिजनों को सूचना मिली कि रवि की मौत हो गई है। उसका शव अड्डे पर ही मिला है। जिसके बाद परिजनों ने मौके पर पहुंच कर हत्या की आशंका जताई। सूचना मिलने पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिन्होंने शव को जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# श्री विष्णु महायज्ञ के प्रवचन कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब



**बेलहर, संतकबीरनगर।** ऐतिहासिक मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रवचन कार्यक्रम में कथा वाचिका साध्वी आरती शास्त्री ने भक्तों को श्रीराम जन्म की कथा सुनाई, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

बता दें कि बेलहर क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक मंदिर बाबा मोहकम दास का पवित्र स्थान, राजघाट पर नव दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं कथा प्रवचन कार्यक्रम जारी है। साध्वी आरती शास्त्री ने श्रीराम जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान अवतार लेते हैं।

श्रीराम जन्म उत्सव के अवसर पर भव्य झांकी निकाली गई, जिससे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। दिन में प्रवचन और रात्रि में रामलीला मंचन का आयोजन हो रहा है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

# महिलाओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** लायन्स क्लब झांसी किंग्स, झांसी के सौजन्य से थाना प्रेम नगर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न संगठनों, समाजसेवी संस्थाओं में सेवारत 40 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, माल्यार्पण एवं पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी प्रेमनगर, नगरा श्रीमती सरिता मिश्रा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी पं. मैथिली मुदगिल को लायन्स क्लब झांसी किंग्स के चार्टर अध्यक्ष लॉ आनन्द कुमार सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लॉ अजय कुमार सक्सेना एवं पं. सिया रामशरण चतुर्वेदी द्वारा स्मृति चिन्ह पट्टिका एवं बुके भेंट कर स्वागत किया गया।

थाना प्रभारी सरिता मिश्रा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि नारी का सम्मान ही समाज की वास्तविक प्रगति है, हर सफल महिला के पीछे उसकी मेहनत, संघर्ष और आत्मविश्वास होता है, सशक्त महिला ही सशक्त समाज का निर्माण करती है वह किसी से कम नहीं अपितु अपने बलबूते इतिहास रचने की क्षमता रखती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कांस्टेबल ज्योति वर्मा, आशा तोमर, कंचन पाल, शुभम कुमारी, वंदना, राधेश कुमारी, सरिता, मनीषा, मिथिलेश कुमारी प्रमुख समाजसेवी मंजू अग्रवाल, डॉ गीता शर्मा, नीलम शर्मा, नीता सिंह माहौर, सरिता शुक्ला, गीता शर्मा, प्रीति संज्ञा, विमला अहिरवार, रीता शाक्या, मुन्नी देवी, हेमलता वर्मा, रेखा तिवारी, पूनम शाक्या, लक्ष्मी, सोमवती, ममता, पूनम दिनकर, किरन गौतम, ममता साहू, कविता, सीमा, सरिता अग्निहोत्री, सुनीता गुप्ता आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मनोज संज्ञा, दीपचंद, विश्वनाथ मिश्रा, संदीप साहू आदि उपस्थित रहे।

## सामाजिक संगठन ने ओरछा मे महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया




**वेलकम इंडिया**

**झाँसी।** अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रगति रथ संस्था झांसी तथा लक्ष्य सेवा संस्था के संयुक्त प्रयास से निवाड़ी जिले के ओरछा में महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि हर वर्ष 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान में पूरे देश में मनाया जाता है इस दिवस का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, अधिकार एवं समानता पर जोर देना। इसके पश्चात बताया गया कि आज के समय में महिलाएं किसी भी तरह से पुरुषों से कम नहीं है और महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी भूमिका निभा रही है इस लिये हमें भी समाज में बढ़चढ़ कर आना होगा और परिवार एवं समाज के लिए कुछ करके दिखाना होगा तभी महिला दिवस का उद्देश्य सफल होगा। इस कार्यक्रम में डॉ० संध्या चौहान, जानकी प्रसाद, संतोष शर्मा, प्रमोद कुमार, पूनम चौधरी, नीलम, अंजू रायकवार, मंजू लोधी एवं आरती तिवारी उपस्थित रहीं।

# कक्षा आठ की कोमल बनीं एक दिन के लिए प्रधानाध्यापिका

वेलकम इण्डिया




**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए विकास खंड भनवापुर क्षेत्र के नगर पंचायत बिस्कोहर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कोमल को एक दिन के लिए प्रभारी प्रधानाध्यापिका की जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक उमाकांत गुप्ता द्वारा दी गई। इसके साथ बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कुछ अन्य छात्राओं को भी सहायक अध्यापक की जिम्मेदारी दी गई। प्रभार मिलने के बाद कोमल ने प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्हें नियमित रूप से और समय से विद्यालय पहुंचने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को खुद स्वच्छ रहकर विद्यालय को भी स्वच्छ बनाने के लिए कहा। प्रार्थना सभा के दौरान कोमल ने अमर उजाला से प्रकाशित सफलता विशेष विशेषांक से सामान्य ज्ञान की प्रश्नोत्तरी भी विद्यार्थियों से किया। प्रार्थना सभा के बाद कोमल ने एमडीएम रजिस्टर , अध्यापक उपस्थित रजिस्टर एवं विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं की भी निगरानी की। इस दौरान खुशी कक्षा 8, अनामिका कश्यप कक्षा 7, व शालू कक्षा 6 को अध्यापिका की जिम्मेदारी दी गई।

एक दिन के लिए प्रभारी प्रधानाध्यापिका का दायित्व संभालकर बेहद खुश हूँ। कभी सपने में भी ऐसा नहीं सोचा था अब शिक्षका बनने की ख्वाहिश है ।इसे सच करने के लिए कड़ी मेहनत करूंगी। : **कोमल कक्षा आठ।**

कोमल पढ़ाई में अच्छी है और वह बहुत सक्रिय रहती है। विद्यालय की पाठय सहगामी गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती है। इसलिए प्रधानाध्यापक उमाकांत गुप्ता की ओर से कोमल को प्रभारी प्रधानाध्यापिका बनाया गया। – **सहायक अध्यापिका अंजली गुप्ता।**

बालिकाओं का मनोबल बढ़ाने के लिए यह नवाचार किया गया ।यदि किसी व्यक्ति में मनोबल आ जाए तो वह अपने आप आधी जंग जीत लेता है ।कोमल, खुशी, अनामिका व शालू को देखकर बाकी बालिकाएं भी उत्साहित हुई , कुछ और बालिकाओं ने भी यह दायित्व संभालने की इच्छा जताई। कुछ और बालिकाओं को मौका दिया जाएगा। – **उमाकांत गुप्ता संकुल न्याय पंचायत बिस्कोहर।**

## लक्ष्य फ्रेंड्स क्लब (रजि०) का होली मिलन समारोह का आयोजन किया

**बुलंदशहर।** लक्ष्य फ्रेंड्स क्लब ( रजि० ) का होली मिलन समारोह का आयोजन काले आम पर कलश होटल पर किया गया ।कार्यक्रम में सभी ने लठ मार होली, ब्रज ही होली का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरूआत व मंच संचालन क्लब अध्यक्ष अरुण राज गोयल द्वारा सभी को होली की शुभकामना दे कर करी गई । कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए क्लब संरक्षक राजीव गोयल द्वारा सभी को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सभी बच्चे महिलाओं व सदस्य ने खूब मस्ती धमाल किया व राधाकृष्ण के स्वरूपों के साथ ब्रज की होली व लठमार होली का आनंद लिया व कार्यक्रम के उपरांत सभी ने चटपटी चाट व भोजन का आनंद लिया कार्यक्रम में क्लब कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ,गौरव गोयल ,मोहित गर्ग, राहुल गोयल, अभिषेक गोयल अमित बंसल, आयुष तायल, चेतन सिंघल, चेतन आनंद, देवेश अग्रवाल, हिमांशु बंसल ,जितेश अग्रवाल, मोहित बंसल, मोहित मांगलिक, नितिन अग्रवाल, प्रभाकांत मांगलिक, उज्जवल गोयल, वैभव गुप्ता, आदि सदस्य मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुनकर हर्षित हुए दर्शक

वेलकम इण्डिया





**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** कस्बे के पंडित दीनदयाल नगर उत्तर यादव डीह में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन शनिवार की रात कथा में भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं के वर्णन ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा मर्मज्ञ ने संगीतमयी वाणी से भगवान कृष्ण के बाल रूप का वर्णन किया जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। भक्ति भाव से ओत प्रोत श्रोता भजन व कीर्तन पर झूमते भी दिखे।

कथावाचक पंडित सुरेश मणि त्रिपाठी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन बड़े ही सुंदर ढंग से किया। जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा वाचक ने कहा कि गोकुल कोई स्थान विशेष का नाम नहीं है। गोकुल तो जीव मात्र का शरीर ही है। जब इस गोकुल रूपी शरीर में भगवान का आगमन हो जाता है तो जीव के जीवन में आनंद ही आनंद भर जाता है। कथावाचक ने पूतना उद्धार की कथा सुनाते हुए बताया कि पूतना तो पाप का ही रूप है, लेकिन सुंदर ग्वालिन बनकर आती है ।इस दौरान आयोजक रामदेव यादव, सूरशती देवी, सांसद प्रतिनिधि सुधीर त्रिपाठी, कलिया बाबा, संजय सिंह, मोना पांडेय, पंडित मुनीन्द्र मणि शास्त्री, बृजेश गुप्ता, घनश्याम यादव, राधेश्याम यादव, किशन रावत, लवकुश कश्यप, बुद्धि कौशल आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## अंतराग्नि संगठन ने मनाया महिला दिवस



**झांसी।** अंतराग्नि संगठन की सदस्याओं ने दतिया हाई वे पर स्थित दतिया बुंदेली भोज में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया.. जिसमें संगठन की सभी महिलाओं का तथा बुंदेली भोज में कार्यरत महिलाओं का विनीता श्रीवास्तव तथा सुरभि यादव ने सम्मान किया.. रश्मि श्रीवास्तव तथा रश्मि दीक्षित ने सभी को गेम खिलाए.. सभी सदस्यों ने जमकर डांस किया और इसके बाद बुंदेली भोज का लुत्फ उठाया.. इस अवसर पर विनीता श्रीवास्तव, सुरभि यादव, रश्मि श्रीवास्तव, रश्मि दीक्षित, प्रीति शाक्यवार ,सीमा श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, मीना रायक्वार , नीलम व्यास, संध्या कौशिक, रंजना सेंगर, संध्या खरे, नीतू साहू, ऋतु सेंगर, जोया , अल्पना श्रीवास्तव, मंजू श्रीवास्तव , सुमन आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कृष्णा कॉलेज में हुआ कार्यक्रम



**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज बिजनौर में भारतीय जनता पार्टी बिजनौर के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी एवं संचालन दीप शिखा अग्रवाल ने किया कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सदर विधायक सूचि चौधरी, भाजपा की क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर, पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन त्यागी, नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह, जिला मीडिया महिला मोर्चा भाजपा डॉ शीला राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मोनिका यादव, जिला उपाध्यक्ष पूनम गोयल सहित आदि भाजपा कार्यकताओं से रहे।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** मिजार्मुराद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार की रात मेंहदीगंज रिंगरोड के नीचे अंडरपास के पास से एक अवैध तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस के साथ शिवपुर थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव निवासी रोहित प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया ।पुलिस ने रविवार को लिखा पड़ी करने के बाद पकड़े गए युवक को जेल भेज दी ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मिजार्मुराद थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी, खजुरी चौकी प्रभारी अनिकेत श्रीवास्तव, एसआई मधुसूदन त्रिपाठी, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार व रामाश्रय सरोज रहे।

## हर सफल आदमी के पीछे एक महिला का हाथ होता है: स्नेह स्वरूप



**प्रयागराज।** लखनऊ के रहने वाली मॉडल स्नेह स्वरूप बताती हैं कि शादी के बाद मुझे अपने पति का बहुत सपोर्ट मिला। सबसे पहले मैं न्यूज पेपर से जुड़ी जो महिलाओं के लिए एक प्लेटफॉर्म था तो मैंने वहीं से मॉडलिंग शुरू की और उसके बाद जब मैं 2019 में मिसेज यूपी विनर बनी तो मुझे बहुत लोग जानने लगे और मुझे पहचान मिली। उसके बाद मुझे एड शूट, ज्वैलरी, ड्रेस शूट के ऑफर मिलने लगे और आज मैं अपने पैरों पर खड़ी हूं। मुझे किसी पहचान की जरूरत नहीं है। लखनऊ में मेरा नाम है और मैं बहुत खुश हूं कि मैं यहां तक ? ?पहुंची। मुझे अपने परिवार और बच्चों का भी सपोर्ट मिला। कहा भी गया है कि हर सफल आदमी के पीछे एक महिला का हाथ होता है, लेकिन मुझे सफल बनाने में मेरे पति का हाथ है।

# पत्रकार की हत्या के विरोध में पत्रकारों ने कैंडल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजली

वेलकम इण्डिया



**वाराणसी/चोलापुर।** एक दैनिक अखबार के पत्रकार महोली तहसील के निवासी राघवेंद्र वाजपेई ( 40 ) की सीतापुर के इमलिया सुल्तानपुर में नेशनल हाईवे 30 पर शनिवार को गोली मारकर बदमाशों द्वारा नृशंस हत्या कर दी गई। घटना को लेकर आक्रोशित पत्रकारों ने पत्रकार प्रेस क्लब क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक के निर्देशन में व पत्रकार प्रेस क्लब सदर तहसील अध्यक्ष अमित वर्मा के नेतृत्व में चोलापुर शहीद स्मारक पर कैंडल मार्च निकाल कर दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मौजूद पत्रकारों ने सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि जिस तरह से सरेराह पत्रकार की हत्या कर दी गई इससे साबित होता है कि प्रदेश के अपराधियों में प्रशासन का भय समाप्त हो चुका है। मौजूद पत्रकारों ने आरोपियों को तत्काल पकड़कर फांसी दिये जाने तथा पत्रकारों की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा तत्काल कड़े कानून बनाए जाने की मांग की।

वहीं दिवंगत पत्रकार के परिवार को एक करोड रुपए आर्थिक धनराशि तत्काल दिए जाने की मांग की। मौके पर प्रमुख रूप से पत्रकार प्रेस क्लब वाराणसी के जिला महासचिव देवमणि त्रिपाठी, मंडल उपाध्यक्ष आशीष चौबे, स्वामी शरण कुशवाहा, सोनू खान, जितेंद्र यादव, ओंकारनाथ, शुभम प्रताप सिंह, राजेश कुमार वर्मा, अंकित गुप्ता, अतुल सोनी, अमित चौहान, आलोक चौहान, इंदल सिंह, अनिल मिश्रा, जन्मेजय सिंह, दिलीप मिश्रा, दुर्गेश यादव, बृजेश मिश्रा, महेश यादव, रामआसरे मिश्रा, राहुल सेठ, शिवकुमार यादव, संजय पांडेय, सौरभ रघुवंशी, देवेंद्र सिंह, दिलीप कुमार, अनिल मिश्रा, सहदेव तिवारी, विशाल कुमार, राजेश उर्फ गुड्डू, अमित श्रीवास्तव समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## नवनिर्मित डा0 सुनीता जायसवाल मेमोरियल हॉस्पिटल सुपर मल्टी स्पेशलिटी एण्ड ड्रामा सेन्टर का उद्घाटन आज

वेलकम इण्डिया

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ के कस्बा क्षेत्र में बहु प्रतिक्षित हॉस्पिटल डा0 सुनीता जायसवाल मेमोरियल हॉस्पिटल सुपर मल्टी स्पेशलिटी एण्ड ड्रामा सेन्टर का भव्य उद्घाटन सोमवार को किया जायेगा।

उक्त की जानकारी देते हुए हॉस्पिटल के प्रबन्धक डॉ0 सुशान्त कुमार जायसवाल ने बताया कि नवनिर्मित डॉ0 सुनीता जायसवाल मेमोरियल हॉस्पिटल सुपर मल्टी स्पेशलिटी एण्ड ड्रामा सेन्टर का भव्य उद्घाटन उनकी माता श्रीमती लालपरी जायसवाल के कमलों द्वारा किया जायेगा। साथ ही उन्होंने हॉस्पिटल की विशेषता को बताते हुए कहा की एक ही परिसर में पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड, एक्स-रे, सीटी स्कैन, आईसीयू/ एनआईसीयू, डायलिसिस, वेंटीलेटर, एम्बुलेंस आदि की बेहतर सुविधा मरीजों को दी जायेगी। ऐसी व्यवस्था बनाई गयी है कि मशहूर डाक्टरों की उपलब्धता सहित एक ही परिसर में लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

आपको बताते चले कि हॉस्पिटल के उद्घाटन से पूर्व बीते 1 मार्च से ही हॉस्पिटल परिसर में श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, यजमान श्रीमती किरन गुप्ता एवं डॉ0 सुशान्त कुमार जायसवाल, तेजस्व जायसवाल व माता लालपरी जायसवाल एवं परिजनों समेत सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति व विधि विधान से पूजन अर्चन के साथ 10 मार्च को प्रसाद वितरण के साथ पूर्ण होगा और उसी दिन हॉस्पिटल का भव्य उद्घघाटन किया जायेगा। उद्घाटन कार्यक्रम में 10000 से अधिक लोगों के आने की सम्भावना बताई जा रही है।

## कर्म का फल



हम लोग कई बार देखते हैं कि अधर्मी लोग बहुत सुखी है उन्हें बहुत सारे सांसारिक सुख प्राप्त हो रहे हैं उनकी यश कीर्ति बहुत फैल रही है दूसरी ओर धार्मिक मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति सुखी नहीं है मुझे बहुत बार दुख का सामना करना पड़ता है इसका सबसे बड़ा कारण है हमारे कर्म

दो व्यक्ति जैसा कर्म करता है उसका उसको वैसा ही फल मिलता है फल मिलता है दुराचारी होने के बावजूद भी व्यक्तियों को सुख मिल रहे हैं इसका कारण है उसने पूर्व जन्म में कुछ अच्छे कार्य किया जिसका फल उसे इस जन्म में मिल रहा है हम लोग देखते हैं एक ही समय एक बच्चा अमीर परिवार में पैदा होता है और इस समय उसी क्षण दूसरा बच्चा निर्धन परिवार में दोनों का पैदा होने का समय एक एक धन संपन्न परिवार में पैदा हुआ दूसरा निर्धन परिवार यह सब पूर्व जन्म का फल है

यदि हम अच्छे कर्म करेंगे वेदों के अनुसार चलेंगे तो सुख को प्राप्त होंगे

हम लोगों को सभी कार्य धर्म के अनुसार सत्य और असत्य को विचार करके करने चाहिएप्रश्न उठता है धर्म किसे कहते हैं धर्म का अर्थ होता है धारण करना कर्तव्य से होता है इस जिस कार्य को करने में है भय शंका लज्जा व लोभ ना हो वह धर्म है चोर का धर्म है चोरी करना जो की सही नहीं है डॉक्टर का धर्म है रोगी को रोग मुक्त करना यह धर्म है

धर्म अंकुश रखने सीखना है जो धर्म के अनुरूप होगा उसके जीवन में अंकुश होगा धर्म तो एक ही है वैदिक सनातन जिसका अर्थ है जो सदा से हो इसका कोई अंत न होऔर सत्य का कभी अंत नहीं होता सत्य हमेशा के लिए होता है इसलिए सत्य पर चले और और सत्य पर चलने से आपके कर्म भी अच्छे होंगेजो आगे करने योग्य कम है उतना आप करिए साथ में प्रभु से प्रार्थना तब उस प्रभु की कृपा होगी और आपकी मेहनत और प्रभु की रहमत से फिर चमत्कार होगा।–**पीयूष अरोड़ा**

## नकली घी बनाने वाली फैक्टरी से गैस सिलिंडर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज

**बुलंदशहर।** नकली घी बनाने की फैक्टरी में 37 घरेलू गैस सिलिंडर का प्रयोग करने के मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसके अलावा तहसील प्रशासन ने भी जमीन का उपयोग परिवर्तन कराए बिना फैक्टरी बनाने पर कार्रवाई शुरू की है। जबकि पशुपालन विभाग की ओर से विदेशी नस्ल के कुत्ते पालने के मामले में नोटिस जारी किया गया है। स्याना रोड स्थित गांव सराय छबीला में नकली घी बनाने की फैक्टरी का शुक्रवार को खुलासा हुआ था। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सहायक आयुक्त विनीत कुमार के नेतृत्व में मौके पर 10 हजार लीटर नकली घी पकड़ा था। फैक्टरी संचालक की ओर से विदेशी किस्म के कुत्ते पालने के मामले में जांच शुरू की थी। अब आपूर्ति विभाग के निरीक्षक डा० दीपांकर शर्मा ने फैक्टरी संचालक समेत पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाकर मलाई काट रहे ग्राम प्रधान, सचिव रोजगार सेवक

वेलकम इण्डिया




**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।** जिले के विकास खण्ड बर्डपुर अन्तर्गत बर्डपुर नं0-10 के ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व जेई की मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी हाजिरी लगाकर मालामाल हो रहे हैं। वहीं जिले व ब्लाक बर्डपुर के सम्बन्धित अधिकारी मौन हैं। आपको बता दें कि जहां एक तरफ सूबे की सरकार खुले मंच से उत्तर प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का दावा करती आ रही है। तो वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार करने वाले भी नये-नये तरीके अपना कर दावों पर पलीता लगाते दिखाई दे रहे हैं। ताजा मामला बर्डपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बर्डपुर नं0-10 में नाला खुदाई कार्य 104 मजदूरों की जगह पर शून्य मजदूर दिखाईं दियें। वहीं दूसरी ओर 82 मजदूरों की जगह पर शून्य मजदूर दिखाई देते नजर आयें। जहां मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव मिलीभगत करके फर्जी तरीके से सैकड़ों मजदूरों की हाजिरी लगाकर मालामाल हो रहे हैं। मजदूरों की मास्टर रोल पर फर्जी तरीके से हाजिरी भरी जा रही है और सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर क्या ऐसे भ्रष्टाचारी ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और जेई पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही हो पायेगी।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने मनाया होली मिलन समारोह

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद के थाना क्षेत्र के गांव चादनेर में अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा ने आज ग्राम चांदनेर निकट थाना बहादुरगढ़, जिला हापुड़ में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह का आयोजन पंडित लख्मी चंद शर्मा विधानसभा उपाध्यक्ष गढ़मुक्तेश्वर ने किया। समारोह का आरम्भ भगवान परशुराम जी के चित्र के समक्ष दीप जलाकर और पुष्प अर्पित कर किया गया। भगवान परशुराम जी का जय उदघोष किया गया।

समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित महेश चंद शर्मा पूर्व प्रधान प्रत्याशी ग्राम चांदनेर ने की, समारोह का मंच संचालन पंडित बिजेंद्र शर्मा अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश ने किया। समारोह में पंडित दिनेश शर्मा उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश मुरादाबाद क्षेत्र, पंडित वेदप्रकाश शर्मा जिलाध्यक्ष हापुड़, पंडित आषुतोष शर्मा विधानसभा प्रभारी गढ़मुक्तेश्वर, पंडित श्रवण शर्मा प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंडित प्रदीप शर्मा इकला वाले प्रभारी उत्तर प्रदेश ने मंच साझा किया। समारोह में सभी ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी, संगठन से जुडे पदाधिकारियों, कार्यकताओं, सदस्यों, व ब्राह्मण समाज के नागरिकों ने होली की शुभकामनाओं के साथ होली त्यौहार के महत्व प्रासंगिकता, सामाजिक एकता समरसता, सांस्कृतिक महत्व पर अपने विचार रखे। होली त्यौहार को एकता भाईचारे का आपसी भेदभाव भुलाने का माध्यम बनाया।

होली मिलन समारोह में सभी ने आपस मे एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर होली मनाई और गले लगे। होली मिलन समारोह में पंडित संजय शर्मा शास्त्री जिला उपाध्यक्ष हापुड़, पंडित अनुज शर्मा ढाना सचिव पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंडित राकेश कुमार कौशिक मीडिया प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंडित सुनील शर्मा जिला उपाध्यक्ष हापुड़, पंडित रामकिशन शर्मा विधान सभा अध्यक्ष मोदीनगर, पंडित मनोहर लाल शर्मा जिला मंत्री, पंडित श्री भगवान शर्मा जिला सचिव, पंडित सुशील शर्मा पितृतारण घाट ब्रजघाट प्रभारी, पंडित ब्रिजेश शर्मा बुकलाना,पंडित अमित शर्मा एन सी सी एम्प्लॉयमेंट हापुड़, पंडित महेश शर्मा मानकचौक, महाराज नंद किशोर त्रिपाठी, पंडित संजीव शर्मा पलवाड़ा विधानसभा सचिव गढ़मुक्तेश्वर, पंडित प्रदीप शर्मा जिला संयोजक हापुड़, पंडित गौरव शर्मा, पंडित मुकेश कौशिक, पंडित राहुल कौशिक, पंडित योगेन्द्र शर्मा भदस्यना, पंडित मूलचंद शर्मा शंकरटीला, पंडित रिंकू शर्मा जिला उपाध्यक्ष परशुराम शर्मा, दिनेश शर्मा लुहारी, राहुल शर्मा लुहारी, पंडित अंकित कौशिक लालपुर, पंडित विनोद शर्मा भगवानपुरी हापुड सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता सदस्य शामिल हुए

# सुमन सलूजा हुई गुरुकमल कार्यालय में सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी हरियाणा ने एक विशाल प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन गुरुग्राम के जिला कार्यालय गुरुकमल में किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश की सभी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा,महिला मंडल अध्यक्ष एवं लगभग सभी जिलों से महिलाएं भाजपा हरियाणा के आमंत्रण पर पहुंची। इस कार्यक्रम में फूलों की होली भी खेली गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य भी हुए।इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप से भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली अपनी धर्मपत्नी गीता बडौली संग पहुंचे। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि की भूमिका प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सिरसा सुनीता दुग्गत एवं गार्गी कक्कड़ वर्तमान प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष गुरुग्राम ने निभाई। इस कार्यक्रम की आयोजक एवं संयोजक की भूमिका प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा ऊषा प्रियदर्शी एवं जिलाध्यक्ष गुरुकमल गुरुग्राम कमल यादव ने निभाई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा हरियाणा द्वारा प्रदेश के उत्थान में अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित करने वाली महिलाओं को सम्मानित करना था।इसी कड़ी में जिला चुनाव आइकन हिसार एवं हिन्दी प्रवक्ता का चयन भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा किया। इस कार्यक्रम में पिछले वर्ष इसी अवसर पर महामहिम राज्यपाल से श्रेष्ठ महिला कर्मचारी हरियाणा सरकार के सम्मान से नवाजित हुई सुमन सलूजा को इस वर्ष भाजपा हरियाणा ने महिला वित्तीय शक्तिकरण सम्मान से नवाजा।कार्यक्रम के पश्चात जिला चुनाव स्वीप आइकन सुमन सलूजा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि आज वे भाजपा हरियाणा द्वारा आयोजित इस विशाल कार्यक्रम में पहुंची है सबसे पहले तो भाजपा के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रदेश स्तरीय कमेटी का वे धन्यवाद करती है जिन्होंने उनका इस सम्मान के लिया चयन किया। इस कार्यक्रम का केवल एक उद्देश्य था महिलाएं अधिक से अधिक आत्मनिर्भर हो आज मुझे प्रदेश के लगभग सभी जिले की बहनों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ उसके लिए भी पुनः भाजपा नेतृत्व का आभार एवं आज एक और बड़ा उदाहरण पंचकुला में देखने को जिला कहा लगभग 120 से अधिक महिलाओं ने रक्तदान समाजहित में किया और विशेषकर यह देखने को मिला रक्तदान केवल महिलाओं ने किया तो इसका यही अर्थ ही महिलाएं अब किसी क्षेत्र में कम नहीं है उनका भी विकसित भारत में अहम योगदान है।

## 7 किलो की घटतौली के साथ अन्नदाता को ठगे जाने का मामला पकड़ा

**शिकारपुर।** नवीन अनाज मंडी शिकारपुर में अन्नदाता के साथ की जा रही घटतौली पकड़ी गई है। मंडी समिति और पुलिस प्रशासन द्वारा आढ़ती, क्रय करने वाले व्यापारी और पल्लेदारों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। वहीं, किसान यूनियन ने घटतौली करने वाले आढ़तियों के खिलाफ मोर्चा खोले जाने की बात कही है।

रविवार को शिकारपुर अनाज मंडी में सरसों का उच्चतम भाव 5550 रुपए प्रति कुंतल रहा। इसके बावजूद एक कच्चे आढ़ती की दुकान पर सलेमपुर थाना क्षेत्र के कैलावन गांव निवासी अन्नदाता सोमवीर शर्मा पुत्र इंद्रजीत शर्मा की निम्न किस्म की सरसों 5600 रुपए प्रति कुंतल के हिसाब से बिकी।सरसों बिकने के बाद पल्लेदारों द्वारा तौल शुरू की गई। अभी कुछ ही माल तुल पाया था कि एक बोरी में एक पल्लेदार को 7 किलो की घटतौली के साथ दबोच लिया गया।

# महाकुंभ में स्नान के दौरान लापता तीन बच्चों को चाइल्ड हेल्प हेल्पलाइन द्वारा परिवार को सौंपा गया

**वेलकम इंडिया**



**प्रतापगढ़।** दिनांक 4 मार्च 2025 को प्रतापगढ़ चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना प्राप्त हुई कि दादूपुर सिंह निवासी जमुना प्रसाद की पत्नी अपने तीनों बच्चों के साथ 25 जनवरी 2025 को महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज गई थी जहां उनके तीनों बच्चे लापता हो गए।

जिनमें 9 माह का बेटा राम जी तथा दो बेटियां राधा देवी और लक्ष्मी देवी थे दिनांक 6 मार्च 2025 को जब प्रतापगढ़ चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा जब प्रयागराज हेल्पलाइन टीम से संपर्क किया गया तो वहां पता चला कि तीनों बच्चों को एक भीख मांगने वाले समूह द्वारा चुरा लिया गया था और 5 मार्च 2025 को जीआरपी की सूचना द्वारा प्रयागराज चाइल्ड हेल्प हेल्पलाइन द्वारा रेस्क्यू कर लिया गया था जमुना प्रसाद द्वारा भेजी गई पारिवारिक फोटो के माध्यम से यह पुष्टि हुई कि यह तीनों बच्चे उन्हीं के हैं।

दिनांक 7 मार्च को प्रतापगढ़ चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा जमुना प्रसाद को आवश्यक दस्तावेजों को लेकर प्रयागराज चाइल्ड हेल्पलाइन ऑफिस भेजा गया जहां बाल कल्याण समिति के आदेश अनुसार बच्चों को पिता के सुपुर्द किया गया।

दिनांक 8 मार्च को जमुना प्रसाद प्रतापगढ़ चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के पास अपने तीनों बच्चों के मिलने की खुशी जाहिर करने के लिए उपस्थित हुए।

इस केस में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रिचा ओझा व सुपरवाइजर अभय राज यादव, रीना यादव का सराहनीय सहयोग रहा।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खुशबू कर्णवाल को किया सम्मानित



**बिजनौर।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा खुशबू कर्णवाल को महिला दिवस पर किया गया सम्मानित। आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा गंज में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें खुशबू कर्णवाल द्वारा समाज में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु महत्वपूर्ण योगदान एवं उत्कर्ष कार्य समाज सेवा के लिए उन्हें सम्मानित करते हुए अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन मे उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। नूरपुर में गोल्डन लाइंस क्लब द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होली का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें महिलाओं को उनके उत्कर्ष कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

## महिलाओं ने हर क्षेत्र में साबित की है उपयोगिता



**प्रयागराज।** प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्कृष्ट कार्यो के लिएभाविनी वेलफेयर सोसाइटी एवं भाविनी संस्थान की सचिव पूनम सिंह को रोटरी क्लब की तरफ से जस्टिस बिपिन चंद्र द्विवेदी, रोटेरियन पूनम गुलाटी जी , रुद्रा इवेंट्स की तरफ से एकता सिंह और अमरीश सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मां कौशल्या नंद गिरी जी महामंडलेश्वरजी, ज्ञान आरोग्य चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## होली के त्यौहार पर हुड़दंग मचाया तो खानी पड़ेगी जेल की हवा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**रामघाट/बुलंदशहर।** होली के त्योहार पर कोई कोई अप्रिय घटना न घट सके इसके लिए अधिकारियों के सख्त निर्देश पर पुलिस ने व्यापक स्तर पर पूरी तैयारी कर ली है पीस कमेटियों की बैठक में ग्रामीणों को सख्त निर्देश दिए गए हैं वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देश पर आगामी त्यौहार होली रमजान ईद नवरात्रि पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु रामघाट थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने पुलिस बल के साथ गांव गांव गली गली में भ्रमण कर फ्लैग मार्च निकालकर जनता को जागरूक किया साथ ही चेतावनी दी है अगर किसी ने शांति व्यवस्था भंग की तो होगी सख्त कार्यवाही ।

## आलू से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली नेशनल हाईवे पर पलटी टला बड़ा हादसा



**वेलकम इंडिया**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र अंतर्गत एन एच-9 पर तेज रफ्तार के चलते अनियंत्रित होकर आलूओं से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली पलने नेशनल हाईवे हुआ अवरुद्ध। घटना की सूचना पाकर बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। और रोड को जाम से मुक्त करते हुए हाईवे को सुचारू कराया। आपको बता दें कि बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव करीमपुर निवासी टैक्टर चालक पप्पू पुत्र खाछेडू सिंह ट्रैक्टर ट्राली से आलू लेकर जा रहे था। जिसके चलते बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में पहुंचने के दौरान ट्रैक्टर ए अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गयाऔर ट्रैक्टर ट्राली पलट गई ।जिससे लदे आलू के कट्टे सडक पर बिखर गए। गमीनत रही की कोई जनहानि नहीं हुई।

# मन स्वच्छ तो समाज स्वस्थ : डॉ समरदीप सक्सेना

**वेलकम इंडिया**



**नूरपुर।** देवता महाविद्यालय मोरना बिजनौर में चल रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष स्वच्छता कार्यशाला एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान (स्वच्छ धरा-स्वच्छता के माध्यम से युवाओं का योगदान) के दूसरे दिन की कार्यशाला का शुभारंभ मुख्यअतिथि समरदीप सक्सेना क्षेत्रीय निदेशक लखनऊ, विशिष्ट अतिथि डॉ जयपाल सिंह व्यस्त सदस्य विधान परिषद, विशिष्ट अतिथि राजेश तिवारी युवा अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ, डॉ सोमपाल सिंह कार्यक्रम समन्वयक विश्वविद्यालय बरेली, वीरेंद्र कुमार सिंह प्रबंधक देवता महाविद्यालय मोरना, डॉ लोकवीर सिंह प्राचार्य देवता महाविद्यालय मोरना ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह एवं संचालन डॉ देवेंद्र कुमार ने किया।

मुख्य अतिथि समरदीप सक्सेना ने बताया कि मन स्वच्छ तो समाज स्वस्थ, जब हमारा मन स्वच्छ होगा तो हमें कही पर भी गंदगी देखने को नहीं मिलेगी। हमारा समाज भी स्वच्छ होगा। हम गंदगी कर रहे हैं तो हमारा कर्तव्य है उस गंदगी को हम ही साफ कर सकते हैं। हम सिंगल यूज प्लास्टिक का कम प्रयोग करें। प्लास्टिक को नाली में ना फेके उसे कूड़ेदान में ही डालें।

विशिष्ट अतिथि एमएलसी डॉ जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि हम स्वच्छ भारत की शुरूआत अपने घर, गली मोहल्ले से प्रारंभ कर सकते हैं उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने निवास के 100 मीटर परिधि को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निभाता है तो यह स्वच्छ भारत अभियान की एक अच्छी पहल होगी।

विशिष्ट अतिथि राजेश तिवारी ने माई भारत की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने माई भारत कार्यक्रम की शुरूआत की और माननीय प्रधानमंत्री जी ने इसका प्रारंभ किया माई भारत एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिस प्लेटफार्म पर हमारे युवा को हर तरीके का अवसर मिलता है। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवको ने पोस्टर प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ राशिद खान, कैप्टन डॉ सुनीता सिंह, डॉ राजीव कुमार, डॉ अमित चौहान, डॉ अजीत कुमार, डॉ शोभना गहलोत, डॉ देवेंद्र कुमार एवं महाविद्यालय स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा।

# मीडिया सेंटर में पत्रकारों की बैठक , पत्रकार की हत्या पर रोष , दो मिनट का मौन

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** मंगल पांडे नगर स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों की बैठक आयोजित हुई जिसमें पत्रकार संविधान प्रस्तुत हुआ, होली पर्व की तैयारी पर चर्चा साथ ही सीतापुर में पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेई की हत्या पर रोष प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

रविवार को दोपहर दो बजे मीडिया सेंटर में संविधान समीति ने बैठक में संविधान बनाकर फाइनल रिपोर्ट पेश की बता दें पिछली बैठक में संविधान में संशोधन के लिए सभी पत्रकारों को एक हफ्ते का टाइम दिया गया था बैठक में समीति सदस्य ने बताया आपत्ति व सुझाव वाट्सएप पर भेज गये जिसे सीमित ने खारिज कर दिया। आज भी प्रेस क्लब की सदस्यता वोटिंग राईट व चुनाव लडने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें बैठक में मौजूद संपादक/मालिक अपने अखबार से अधिक से अधिक पत्रकारों को सदस्यता पर जोर देते नजर आए। इस पर पत्रकार दिनेश चंद्रा व रवि शर्मा ने वोटिंग राईट चुनाव लडने का अधिकार किसे दिया जाए और अखबार/संस्थानों के द्वारा जारी पत्र के आधार पर सदस्यता वो भी सीमित होने की बात कही वहीं वरिष्ठ पत्रकार अशोक टाईगर ने सुझाव देते हुए कहा उन्हीं पत्रकारों को सदस्यता मिले जिनका रिकार्ड सूचना विभाग के पास हो।

अशोक गोस्वामी संजीव शर्मा इंद्र मोहन आहूजा हरेंद्र सिंह अतुल माहेश्वरी आदि पत्रकारों ने अपने सुझाव रखे। बैठक में पहली बार पहुंचे सीटी हलचल के के शर्मा ने कहा प्रेस क्लब में होली पर्व का आयोजन भव्य बनाने की तैयारी में जुटे, संविधान में अमेंडमेंट तो बाद में भी किया जा सकता है। बैठक की अध्यक्षता पुजा रावत ने की।

# पुरुष होली प्रतियोगिता में आदर्श कॉलोनी रही विजेता

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** नगर व्यापार मंडल द्वारा बाबा बागनाथ मन्दिर में आयोजित पुरुष होली महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित प्रतियोगिता में कई गांवों के होल्यारों ने प्रतिभाग किया ।होली प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक टीम में 16 सदस्यों के साथ शुरू हुई ।पहली होली टोली गांधी पार्क स्टेशन रोड बागेश्वर से पहुंची और पहला चरण प्रारम्भ हुआ। बागेश्वर नगर में होली महोत्सव 2025 का आगाज किया गया।

होलियारों की टीम अपने सदस्यों और व्यापार संघ पदाधिकारियों, सदस्यों, और दर्शकों के साथ नगर में होली गायन कर बागनाथ मंदिर पहुंची।

उसके बाद बागनाथ मंदिर प्रांगण में होली महोत्सव प्रतियोगिता 2025 की प्रतियोगिता का दूसरा चरण प्रारम्भ हुआ। निर्णायक मंडल के आंकलन के अनुसार 150 में से 106 अंक लेते हुए आदर्श कॉलोनी बागेश्वर टीम पहले स्थान पर 103 अंक लेते हुए बहुली टीम दूसरे स्थान पर 95 अंक लेते हुए पंतक्वेराली की टीम तीसरे स्थान में और 78 अंक लेते हुए चामी टीम चौथे स्थान में आई।

आयोजन टीम द्वारा प्रथम पुरस्कार 11 हजार, और ट्रॉफी जबकि द्वितीय पुरस्कार 7500और ट्रॉफी ,तृतीय पुरस्कार 5100रुपए, ट्रॉफी और चौथे स्थान पर आई टीम को2100रुपए सांत्वना पुरस्कार और नगर व्यापार सघ बागेश्वर द्वारा स्मृति चिन्ह वितरित किए गए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम को मुख्य आतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दी गयी।

# गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया,**



**टाण्डा जिला रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है ।जिसके पास से एक मोटरसाइकिल, तमंचा और कारतूस भी बरामद हुए हैं ।जिसे आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह ने बताया कि रविवार को पुलिस टीम गश्त पर थी ।इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित आरोपी आलम उर्फ बाबू पुत्र हनीफ निवासी ग्राम खाईखेड़ा थाना मूंढापांडे जनपद मुरादाबाद, स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर मार्ग पर ग्राम छितरिया के तिराहे के पास खड़ा है ।जल्दी की जाए तो पकड़ा जा सकता है ।मुखबिर की बात पर विश्वास करके पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ।तलाशी पर आरोपी के पास से एक मोटरसाइकिल, एक तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए हैं ।पुलिस आरोपी को थाने ले आयी ।जिसे आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी गिरोह बनाकर वारदातों को अंजाम देता था। पिछले दिनों आलम सहित इसके आठ साथियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था ।इसके अन्य साथियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आलम उर्फ बाबू लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये उच्चाधिकारीगण के निर्देशन में टीमें गठित की गयी थीं ।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आलम के खिलाफ विभिन्न थानों में डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं ।पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह,उपनिरीक्षक अफजाल अहमद, उपनिरीक्षक जाकिर अली, मौ0 अंजार, मौ0 आरिफ और पुष्पेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# बीर बर्बरीक श्री श्याम बाबा ने अपने एक बाण से पीपल के वृक्ष के एक-एक पते के बींध डाला था: बजरंग गर्ग

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार।** बीड़ बबरान धाम श्री श्याम मन्दिर ट्रस्ट द्वारा 52 वां उत्सव भव्य निशान यात्रा महाराजा अग्रसेन भवन से बीड़ बबरान धाम तक निकाली गई। इस निशान यात्रा में मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग, पूर्व मेयर श्रीमती शकुंतला राजलीवाला, अनाज मण्डी के प्रधान राम अवतार गोयल, प्रमुख समाजसेवी कृष्ण ऐरन, नरेश गर्ग, अनिल जैन टीनू थे। इस निशान यात्रा में हजारों भक्तों ने भाग लिया। इस समारोह में मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने भव्य निशान यात्रा में पूजा-पाठ करने के उपरांत सम्बोधित करते हुए कहा कि सात दिवसीय 52 वां श्री श्याम उत्सव बबरान नरेश प्रकटोतसव में हजारों धर्मप्रेमी ने भाग लिया और 351 फूट लम्बा निशान लेकर बीड़ बबरान धाम तक भव्य यात्रा निकाली गई। श्री बीड़ बबरान धाम में जनता के सहयोग से निर्माण कार्य चल रहा है। देश के कौने-कौने से धर्मप्रेमी बीड़ बबरान में पूजा-पाठ करने आते है। बजरंग गर्ग ने कहा कि बीड़ बबरान जहां भगवान श्री कृष्ण जी ने बर्बरीक श्री श्याम बाबा जी की परीक्षा ली थी। बीर बर्बरीक श्री श्याम बाबा ने अपने एक बाण से पीपल के वृक्ष के एक-एक पते के बींध डाला था। वह पीपल का वृक्ष आज भी बीड़ बबरान में मौजूद है।

फाल्गुन मेले में निशान यात्रा का भी बहुत बड़ा महत्व है। निशान यात्रा एक तरह की पदयात्रा होती है जिसमे भक्त अपने हाथो में श्री श्याम ध्वज हाथ में उठाकर श्याम बाबा को चढाने खाटू श्याम जी मंदिर तक आते है। इसी श्री श्याम ध्वज को निशान कहा जाता है। इस यात्रा के अंतर्गत भक्त अपनी श्रद्धा से अपने-अपने घर से भी शुरू करते हैं। ऐसा माना जाता है कि पैदल निशान यात्रा करके श्याम बाबा को निशान चढाने से बाबा शीघ्र ही प्रसन्न होते हैं और भक्त की मनोकामना को पूर्ण करते हैं।

बजरंग गर्ग ने कहा कि सनातन संस्कृति में ध्वज को विजय का प्रतीक माना जाता है। श्री श्याम बाबा के महाबलिदान शीश दान के लिए उन्हें निशान चढ़ाया जाता है।

इस अवसर पर महंत महाराज श्री विनय शर्मा, लक्ष्मी बंसल आदमपुरिया, प्रधान शिव कुमार सिंगल, राम शरण सिंगल, अनाज मंडी प्रधान राम अवतार गोयल, संजय सिंगल, मनीष बंसल, करण गर्ग, धर्मेन्द्र मलिक, राहुल गर्ग, मोहित अग्रवाल अजीतपुरिया, संजय सिसाईया, ऋषभ बंसल, जोनी गोयल, मुकुद बूथरा, भारत सोनी आदि भारी संख्या में श्याम भक्त मौजूद थे।

# सेना की पासिंग आउट परेड के बाद नितीश कृष्ण बने लेफ्टिनेंट, मथुरा में हुआ भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** महोली रोड निवासी नितीश कृष्ण ने भारतीय सेना में अधिकारी बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे मथुरा जिले व अपने पैतृक गांव विसावर का नाम रोशन किया है। नीतीश कृष्ण स्वर्गीय मोरमुकुट शर्मा एवं स्वर्गीय बी एस राजोरिया के पौत्र है।उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) परीक्षा 2024 उत्तीर्ण कर ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी चेन्नई से ट्रेनिंग लेकर दिनांक 8 मार्च 2025 को पासिंग आउट परेड के बाद लेफ्टिनेंट बन गए। उनकी यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी है।

नितीश ने दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज से फिजिकल साइंस में स्नातक करने के बाद यह परीक्षा उत्तीर्ण की। प्रशिक्षण के लिए उन्हें ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (डळअ), चेन्नई भेजा गया, जहां ग्यारह महीने की कठिन ट्रेनिंग के बाद 8 मार्च 2025 को उनकी पासिंग आउट परेड आयोजित हुई। इस परेड का दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण भी किया गया, जिससे पूरे देश ने इस ऐतिहासिक क्षण को देखा। 9 मार्च 2025 को नितीश कृष्ण अपने गृह नगर मथुरा लौटे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। परिवार, मित्रों और गणमान्य नागरिकों ने मिठाइयां बांटी और बधाइयां दीं। स्वागत रैली धूमधाम से निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उनके चाचा डॉ. रवीश शर्मा (प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान बीएसए कॉलेज, मथुरा) व बीएसए कॉलेज प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा ने उन्हें दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। उनकी इस उपलब्धि पर बीएसए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा, विधायक श्रीकांत शर्मा, डाइट प्राचार्य मथुरा राजेंद्र बाबू, जिला विद्यालय निरीक्षक गाजीपुर भास्कर मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त, खण्ड शिक्षा अधिकारी बुद्धसेन सिंह व राकेश कुमार, भाजपा नेता एड. हरीश शर्मा, मनोज शर्मा डायरेक्टर मैजिक फूड जोन वृंदावन, उमेश शर्मा विसावार, नरेंद्र शर्मा विसावर, प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार शर्मा एवं प्रेमहारी शर्मा, पूर्व शिक्षा मंत्री पंडित श्याम सुंदर शर्मा, डॉ रवीश शर्मा, पार्षद कुलदीप पाठक, पार्षद तेजवीर सिंह, डॉ. बी.के. गोस्वामी, डॉ. ममता रानी कौशिक, डॉ. अशोक कौशिक, बीएसए कॉलेज के ए.एन.ओ. डॉ. जसवंत सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। नितीश कृष्ण की सफलता से मथुरा के युवाओं को सेना में अधिकारी बनने की प्रेरणा मिलेगी। यह उपलब्धि दशार्ती है कि सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण आवश्यक है। उनके सफलता की कहानी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल बनेगी।

# फीता काटकर समाजसेवी डॉ० संदीप ने किया मैस्कॉट मॉडर्न स्कूल का शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**झाँसी।** जनपद के भट्टा गांव स्थित परदेसी मोहल्ले में मैस्कॉट मॉडर्न स्कूल का भव्य शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी पहुंचे। डॉ० संदीप ने फीता काटकर विद्यालय का शुभारंभ किया तथा विद्यालय परिसर का भ्रमण कर प्रशंसा भी की। विद्यालय प्रशासन द्वारा माल्यार्पण कर शॉल पहनाकर स्वागत तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया जिसे देखकर कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगंतुकों ने करतल ध्वनि के साथ छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिलेश ब्रह्मचारी ने की एवं संचालन हसन अंसारी ने किया। अंत में विद्यालय निदेशक डॉ० हसन अंसारी द्वारा सभी आगंतुकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य फातिमा हसन, हाजी मोहम्मद, उस्मान अंसारी, इलामा इजाज, मुस्कान, मोहम्मद सद्दाम, आदित्य चौरसिया, राजेंद्र यादव, अरुण पांचाल, आशीष विश्वकर्मा, बसंत गुप्ता, सुशांत गेड़ा, राकेश अहिरवार, राजू सेन, संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, महेंद्र रायकवार आदि उपस्थित रहे।

# भाई, बहन की सड़क हादसे के दौरान हुई मौत

वेलकम इंडिया

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी गमी में शामिल होने जा रहे चचेरे भाई-बहन की बाइक फिसलने से कैराना क्षेत्र के ऊंचा गांव में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मृतक युवक का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को कैराना सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। एक ही परिवार में दो मौत होने से परिजनों में कोहराम मचा है। परिजनों ने दोनों मृतकों के शवों को गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी मोबीन की रिश्तेदारी कैराना क्षेत्र के तीतरवाडा में है। शनिवार को मोबिन के साले की मौत हो गई थी। सूचना पर मोबिन का परिवार मौके पर पहुंच गया था, बाद में मोबिन का भतीजा समीर व मुनव्वर पुत्रगण राशिद अपनी चचेरी बहन जोया पुत्री मोबिन के साथ बाइक पर सवार होकर गमी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जैसे ही तीनों बाइक सवार कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव ऊंचा गांव बिजली घर के निकट पहुंचे तो अचानक से बाइक स्लिप हो गई। बाइक स्लिप होने से बाइक सवार समीर व जोया की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मुनव्वर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी।108 एंबुलेंस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को कैराना सीएचसी में भर्ती कराया।

# भ्रष्टाचार: अपर नगरायुक्त और परिजनों पर सैकड़ों करोड़ की संपत्ति

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** अनिल कुमार की भ्रष्टाचार से अकूत संपत्ति अर्जित करने की महत्वाकांक्षा के क्रम में मथुरा नगर निगम में दया चरण एंड सन नाम की कंपनी को नगला कोलू का डंपिंग यार्ड के कूड़ा निस्तारण के कार्य को दिलाने में करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार करते हुए सही प्रकार से कार्य न कराए जाने एवं करोड़ों रुपए के बंदर-बाट की कहानी बहुचर्चित है एवं अनिल कुमार की जनपद फिरोजाबाद, जनपद आगरा में तैनाती के दौरान करोड़ों के भ्रष्टाचार के कारनामे काफी चर्चा में रहे है इसी क्रम में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम की सेवा में रहते हुए भ्रष्टाचारी अनिल कुमार एवं उनके छोटे भाई विजय कुमार एवं उनके पारिवारीजन द्वारा विगत कुछ वर्षों में लगभग 474.20 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति अर्जित की गई जिसमें आगरा जनपद में गंगा गैस एजेंसी आवास विकास, इजी डे शॉपिंग माल, दयालबाग आगरा, मल्टीस्पेशियलिटी नवल किशोर हॉस्पिटल ( वर्तमान में रामा हॉस्पिटल) बाघ फरजाना, आवास विकास में करोड़ों रुपए के 08- ल्कक्ष्ठ प्लॉट एवं भवन, मैनपुरी जनपद में डिग्री कॉलेज, गैस एजेंसी, मैरिज होम, इंटर कॉलेज, फि रोजाबाद सुहाग नगर में गैस एजेंसी और नोएडा, लखनऊ, गज़ियाबाद शहरों में बेशकीमती संपत्तियाँ और 20 किलो सोने के बिस्कुट सहित कई अन्य संपत्तियों की जानकारी प्रकाश में आई है। अनिल द्वारा अपने भाई विजय कुमार एवं अपनी पत्नी और अपने अन्य परिवारी जनों के नाम से अपने भ्रष्टाचार की अकूत दौलत से संपत्तियां खरीदी गई एवं अनिल कुमार के छोटे भाई विजय कुमार का नाम विगत वर्ष भ्रष्टाचार के खेल में लिप्त महिला राजस्व निरीक्षक शिखा गुप्ता को संपत्ति कर घोटाले हेतु 02 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए विजिलेंस इकाई आगरा द्वारा रंगे हाथ पकड़ा गया था उसके रिश्वत कांड में वायरल एक ऑडियो में अनिल कुमार के छोटे भाई विजय कुमार का नाम काफी चर्चा में आया जिसमें टैक्स इंस्पेक्टर को साफ कहते सुना जा रहा है कि हम तो कम रिश्वत लेते हैं परंतु विजय कुमार साहब तो हमारे हिस्से को सीधे-सीधे आधा या आधे से ज्यादा स्वयं ही रख लेते हैं तो इससे भी आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अनिल कुमार के भ्रष्टाचार की कहानी जिस प्रकार से चचाओं में है उसी प्रकार अनिल कुमार के नक्शे कदम पर उनके छोटे भाई विजय कुमार भी आगरा नगर निगम में अपने भ्रष्टाचार की जड़ें कई वर्षों से गहराई तक जमा हुए हैं विजय कुमार जिनका स्थानांतरण विगत 2 वर्ष पूर्व ही शासन द्वारा किया जा चुका है परंतु उन्होंने अभी तक स्वयं को आगरा नगर निगम में रिलीव नहीं कराया इनके कृत्यों की जांच शासन की अच्छा स्तरीय कमेटी से कराया जाना अपेक्षित है।

# होली के रंग बच्चों के संग, धूमधाम से मनाई होली



वेलकम इंडिया

**कांधला।** त्यौहार ही हमारे अंदर हर्षोल्लास का संचार करते हैं। जिसके द्वारा हमारी पुरातन संस्कृति एवं सभ्यता जीवित हो उठती है। मानव मन में नए-नए विचारों का आगमन होता है। लोगों में आपसी प्रेम व सौहार्द का प्रादुर्भाव होता है। इसी का परिचायक रंगो का त्यौहार होली सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल कांधला में धूमधाम से मनाया गया। होली के पावन पर्व के उपलक्ष में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने परंपरागत रंगबिरंगी वेशभूषा में होली के नृत्य गीत नाटक आदि प्रस्तुत किए।

छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम से तालियों की गड़गड़ाहट से विद्यालय प्रांगण गुंजायमान हो गया। स्कूल प्रबंधक इंजीनियर अमन शर्मा ने होली के पर्व के साथ त्यौहार के अन्य महत्त्वपूर्ण तथ्यों को बताया। शनिवार को विद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया।जिसमे अध्यापक व अध्यापिका प्रधानाचार्या के साथ होली के रंग में रंग गए। शिक्षक एवम शिक्षिका आपस में मिलकर एक दूसरे को गुलाल लगाया तथा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संगीत विभाग ने गीत संगीत के अनूठी सुर-तान से विद्यालय प्रांगण को मंत्रमुग्ध कर दिया। सबने होली का आनंद लेकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य विधि शर्मा उपप्रधानाचार्य आरती जैन ने सबको होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह होली हमारे जीवन में बुराइयों को समाप्त कर अच्छाइयों का समावेश करती है।

# नशे के खिलाफ युवा जन जागृति यात्रा निकालेगी राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस : धीरज शर्मा.

वेलकम इंडिया



**पंजाब:** रविवार पंजाब के जीटीरोड स्थित प्रभात रॉयल रिजॉर्ट गोविंदगढ़ में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की रैली हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री धीरज शर्मा जी और विशिष्ट अतिथि पंजाब राज्य के एनसीपी के ऑब्जर्वर श्री मतीन ए कांबले जी मौजूद रहे.


इस विशाल कार्यक्रम में युवक कांग्रेस की तरफ से चलाये जा रहे राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम ₹युवा जोड़ों अभियान₹ से कई ऊजार्वान युवा जुड़े. इसके साथ ही कई राष्ट्रवादी विचारधारा के नेताओं, पदाधिकारियों का सम्मान किया गया. इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में एनसीपी (शरद पवार) गुट के डॉ दलजीत चौहान, गैरी कंबोज और डॉ बरार नें अजीत पवार की एनसीपी की सदस्यता ग्रहण की. कार्यक्रम के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा नें ये ऐलान किया कि पंजाब का युवा नशे की समस्या से जूझ रहा है, युवाओं की नशामुक्ति के लिये राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस पूरे राज्य में 'युवा जन जागृति यात्रा' निकालेगी. धीरज शर्मा नें पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुये कहा कि ये देखना सुखद है कि पंजाब में पार्टी का विस्तार हो रहा है, यहां पहले से ही हमारा संगठन मजबूत है, यहां कांग्रेस हार चुकी है, आम आदमी पार्टी पहले से काफी कमजोर हुई है, शिरोमणि अकाली दल के दिन अच्छे नहीं चल रहे हैं, पंजाब का युवा भी दिल्ली की तरह आम आदमी पार्टी से मुक्ति चाहता है, ऐसे में एनसीपी के पास सबसे बेहतरीन मौका है संगठन विस्तार के लिए. गौरतलब है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी महाराष्ट्र में प्रचंड जीत के बाद एनसीपी के यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अजीत दादा पवार साहब के नेत्रत्व में पूरे देश में संगठन विस्तार कर रही है और पंजाब में बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे हैं. राजनैतिक लिहाज से महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्य आयोजक एनवाईसी के पंजाब उपाध्यक्ष आकाशदीप सिंह जी नें सभी अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया. इस दौरान एनसीपी पंजाब के अध्यक्ष श्री शरबजीत सिंह गोल्डी, पंजाब कार्यकारी अध्यक्ष श्री परमिंदर मान, रायुंका के लीगल सेल के राष्ट्रीय महासचिव श्री अनिल वर्मा, रायुंका के राष्ट्रीय सचिव एवं पंजाब प्रभारी श्री परबजीत सिंह साहनी, श्री युवराज सिंह, श्री कुलदीप बरार, श्रीमति नीलम भास्कर समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अश्लील हरकत करने पर तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी महिला ने तीन युवकों पर आंगन में स्नान करते हुए अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया था। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि पीड़िता अपने घर के आंगन में स्नान कर रही थी। पीड़िता का आरोप है कि इसी बीच पड़ोस के ही अंकित, नितिन व आकाश छत के रास्ते पहुंचे और पीड़िता को स्नान करते हुए देखने लगे।

# मुखर्जी नगर पुलिस थाने की टीम द्वारा चोरी मामले में शामिल 1 अपराधी को गिरफ्तार किया गया

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली:** उतर पश्चिम जिला मुखर्जी नगर पुलिस थाने की टीम द्वारा चोरी मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चोरी की गई नकदी 4 लाख 65 हजार रुपया बरामद की गई। अपराधी के बैंक खाते में जमा 51 हजार रुपया फ्रीज कर दिया गया है। आरोपी रवि शंकर मिश्रा इस मामले का मास्टरमाइंड है। मुखर्जी नगर पुलिस टीम ने रवि शंकर मिश्रा पुत्र स्वर्गीय बजरंगी प्रसाद मिश्रा निवासी शास्त्री नगर दिल्ली और पी/आर/ओ थाना कोतवाली नगर सुल्तानपुर ( यूपी) उम्र 42 वर्ष नामक चोर को गिरफ्तार किया। दिनांक 12/01/2025 को दिल्ली के मुखर्जी नगर स्थिति सतीजा हाउस से ताला तोड़कर सामान चोरी करने के संबध में डीडी नंबर 60अ के माध्यम से एक ढउफ कॉल प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता ने बताया कि रात में ताले तोडकर उसके कार्यालय से 15 लाख रुपया चोरी हो गई है मुखर्जी नगर थाने में ऋकफ दर्द कर इठर ह्यी तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। टीम जांच_ अपराध की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर राजीव साह एसएचओ, मुखर्जी नगर के नेतृव में एक समर्पित टीम जिसमे एसआई राजेश कुमार, एसआइएचसी कुआंवर पाल, एचसी विकास, एचसी अमरजीत, एचसी तेजवीर, एचसी ठंडी राम, एचसी वरुण आलोक, सीटी शामिल थे। संजीत, कांस्टेबल रविंदर और कांस्टेबल अंकित की टीम श्री रोहित गुप्ता एसीपी/मॉडल टाउन के करीबी पर्यवेक्षण और नीचे हस्ताक्षरकर्ता के समग्र पर्यवेक्षण में गठित की गई थी। अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए टीम को ठीक से जानकारी दी गई थी।

तत्काल मामले में 06 आरोपी व्यक्ति अर्थात, (1) नितिन @ पवन (2) जोगिंदर @ विजय (3) अनुज @ शिवा (4) अभिनंदन @ अजय (5) मदन @ नेपाली (6) महेश को पहले गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उनके सहयोगी रविशंकर मिश्रा फरार थे। उपर्युक्त सह-आरोपियों के कब्जे से 12,95,950/- रुपये और 65000/- रुपये की एक एम/साइकिल पहले ही बरामद की जा चुकी है। हालांकि, मुख्य आरोपी रविशंकर मिश्रा, मामले का मास्टर माइंड पहुंच से बाहर था। अपराध करने के बाद, वह खुद को छुपाता है और लगातार दिल्ली और (यूपी) में पता बदलता रहता है। अंत में, टीम उसे शास्त्री नगर, दिल्ली से पकड़ने में सफल रही।

उसकी पहचान रवि शंकर मिश्रा पुत्र स्वर्गीय बजरंगी प्रसाद मिश्रा निवासी शास्त्री नगर, दिल्ली व पी/आर/ओ पीएस- कोतवाली नगर, सुल्तानपुर, (यूपी), उम्र-42 वर्ष के रूप में हुई। उसकी निशानदेही पर नकद 4,65,000/- रुपये बरामद किए गए और उसके बैंक खाते में जमा 51000/- रुपये फ्रीज कर दिए गए। उसे तत्काल मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। लगातार पूछताछ के दौरान उसने अपने साथियों के साथ तत्काल मामले में अपनी संलिप्तता कबूल की। अन्य मामलों में भी उसकी संभावित संलिप्तता का पता लगाने के लिए आगे प्रयास किए जा रहे हैं। ड्ट उसके बैंक खाते में जमा 51,000/- रुपए फ्रीज कर दिए गए। इस प्रकार, इस मामले में कुल 18,11,950/- रुपए नकद तथा 65,000/- रुपए मूल्य की एक एम/साइकिल बरामद की गई है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# महिला सशक्तिकरण और उत्कृष्टता को समर्पित कार्यक्रम का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** एस.आर.एम. इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस में 8 मार्च 2025 को इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 2:00 बजे हुई, जिसमें दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के बाद गणमान्य अतिथियों का सम्मान किया गया।

इसके बाद डायरेक्टर एस.आर.एम.आई.एस.टी दिल्ली एन सी आर, डॉ. संजय विश्वनाथन और सभी डीन्स ने सबका स्वागत करते हुए सबको सम्मान किया ह्न कार्यक्रम की शुरूआत, डॉ. अभिलाषा सिंह (एसोसिएट प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग) ने ₹समानता में तेजी लानाः लैंगिक समानता की गति सीमा को तोड़ना₹ विषय पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान राइजिंग स्टार अवार्ड 2025 के तहत उभरते महिला नेताओं को सम्मानित किया गया। इसके उपरांत डॉ. विषु. वी (एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रमुख, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग) ने ₹महिला सशक्तिकरण में तेजीः कथनी से करनी की ओर बढ़ना₹ विषय पर विचार रखते हुए महिलाओं के सामाजिक उत्थान पर बल दिया। इसके बाद वुमन अचीवर अवार्ड 2025 के माध्यम से उन महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया है। डॉ. रंजना दुबे (मुख्य अधीक्षक झ्र परीक्षा) ने ₹प्रतिबद्धता से प्रभाव तकः महिला अधिकार कार्यक्रम में तेजी₹ विषय पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में वुमन ऑफ वर्थ अवार्ड 2025 के तहत उन महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

डॉ. पल्लवी जैन (प्रमुख झ्र छात्र कल्याण) ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और समाज में महिलाओं की भूमिका को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज-कक पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस में एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज-कक विषय पर केंद्रित था और इसका उद्देश्य शिक्षकों को नैतिक मूल्यों और समावेशी शिक्षा की दिशा में प्रशिक्षित करना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन 8 मार्च को डॉ. राधाकृष्णन हॉल में हुआ। उद्घाटन सत्र की शुरूआत मंगलाचरण, दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से की गई। इसके बाद डॉ. धौम्या भट्ट (डीन, आईक्यूएसी) ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। विशेष संबोधन में डॉ. नवीन अहलावत (डीन, एसएंडएच) ने शिक्षकों के लिए नैतिक शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। इसके पश्चात डीन डॉ. आर. पी. महापात्रा ने अपने विचार साझा किए और इस पहल को शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन एनसीसीआईपी एआईसीटीई के विशेषज्ञों द्वारा किया गया, जिसमें डॉ. हिमांशु कुमार राय (रिसोर्स पर्सन), श्री आकाश मिश्रा (ऑब्जर्वर), डॉ. नवीन कुमार शर्मा (को-फैसिलिटेटर-1) और डॉ. आभा मिश्रा (को-फैसिलिटेटर-2) ने विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस कार्यक्रम में शिक्षकों को नैतिकता, मानवीय मूल्यों और उनके शिक्षण प्रणाली में समावेश पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। समापन सत्र में डॉ. पल्लवी जैन (यूएचवी कोऑर्डिनेटर) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया, जिसके बाद सामूहिक फोटोग्राफी के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ। यह एफडीपी कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहेगा ह्नजिससे उन्हें अपने शिक्षण कौशल में नैतिक मूल्यों का समावेश करने की दिशा में मार्गदर्शन मिलेगा।

# एनएसएस शिविर के चौथे दिन प्रतियोगिता का आयोजन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज, मोदीनगर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन का आयोजन एनएसएस की चारों इकाइयों तत्वावधान में किया गया। प्रातःकालीन सत्र में प्लास्टिक मुक्त भारत विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने रचनात्मक रूप से प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के महत्व को दशार्या। इसके बाद मेहंदी प्रतियोगिता, नेल आर्ट प्रतियोगिता, और हेयर स्टाइलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जहाँ छात्रों ने अपनी कलात्मक और सौंदर्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांध्यकालीन सत्र में, हम अंगूरी अस्पताल गए, जो कि संजयपुरी नामक गांव में स्थित है और एनएसएस इकाइयों द्वारा गोद लिया गया है। वहां, छात्राओं ने स्थानीय लोगों से संवाद किया और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर परामर्श दिया, जिसमें स्वच्छता और रोगों की रोकथाम के महत्व पर चर्चा की गई। इसके बाद, डॉ. वैशाली चंद्रवंशी ने मौखिक स्वास्थ्य (ओरल हेल्थ) पर एक व्याख्यान दिया, जिसमें दंत चिकित्सा और देखभाल से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ साझा की गईं। तत्पश्चात, डॉ. महेश चंद्रवंशी ने सामान्य स्वास्थ्य पर व्याख्यान दिया, जिसमें समग्र स्वास्थ्य और रोगों की रोकथाम पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आकांक्षा सारस्वत, सुश्री शालू देवी, श्रीमती राखी शर्मा, सुश्री ऐश्वर्या बहुगुणा द्वारा किया गया।

# ए.एम.एम. पब्लिक स्कूल ने वार्षिक उत्सव उड़ान 3.0 का किया भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** ए.एम.एम. पब्लिक स्कूल ने वार्षिक उत्सव ₹उड़ान 3.0₹ का भव्य आयोजन किया, जिसमें छात्रों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। यह समारोह विद्यालय के छात्रों को अपनी कला, ज्ञान और नेतृत्व कौशल को प्रस्तुत करने का एक मंच प्रदान करता है। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए समाज, प्रशासन, शिक्षा एवं खेल जगत के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर राष्ट्रीय भारोत्तोलन कोच, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता विजय शर्मा, नगर पालिका परिषद, मोदीनगर के चेयरमैन विनोद जाटव वैशाली, मोदीनगर विधायक डॉ. मंजू सिवाच, सांसद बागपत डॉ. राजकुमार सांगवान, प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए अनुज गोयल, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. पवन सिंघल, तथा पूर्व विधायक, मोदीनगर सुदेश शर्मा उपस्थित रहे।समारोह में सर्वोत्तम सम्मान, शिखर सम्मान और संवाद सम्मान प्रदान किए गए। सर्वोत्तम सम्मान समाज और प्रशासन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को दिया गया। शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया, जबकि संवाद सम्मान निडर और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए समर्पित पत्रकारों को दिया गया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रभात मित्तल ने इस अवसर पर कहा, ₹उड़ान 3.0' केवल एक वार्षिक समारोह नहीं, बल्कि हमारे छात्रों के सपनों और मेहनत की उड़ान है। यह मंच उन्हें आत्मविश्वास बढ़ाने और अपने कौशल को निखारने का अवसर देता है।₹ प्रधानाचार्या श्रीमती रीता रस्तोगी ने कहा, ₹यह कार्यक्रम छात्रों की रचनात्मकता और बौद्धिक कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र शिक्षा, खेल और संस्कृति में उत्कृष्टता की नई ऊँचाइयाँ छू रहे हैं।₹ विद्यालय ने सभी अभिभावकों, पूर्व छात्रों और शुभचिंतकों को इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने का अनुरोध किया। हमारा यह वार्षिक उत्सव छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हम सभी का आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

# पूर्व पालिका अध्यक्ष राम आसरे शर्मा ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** वर्कर्स क्लब में होली मिलन का कार्यक्रम पूर्व पालिका अध्यक्ष पंडित राम आसरे शर्मा व भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष मयंक शर्मा द्वारा हर वर्ष की भांति होली मिलन समारोह एवं रागनी कंपटीशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र बल्हारा व मुल्तान शर्मा द्वारा किया गया। होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि सांसद राजकुमार सांगवान, विधायक डॉक्टर मंजू सिवाच विधायक नंदकिशोर गुज्जर, बृजपाल तेवतिया, राहुल डैनी प्रमुख, राजन चौधरी चेयरमैन विनोद वैशाली दिनेश सिंहल सतेंद्र त्यागी सतवीर राघव ने भाग लेकर सभी को होली की शुभकामनाएं दी। पूर्व पालिका अध्यक्ष कार्यक्रम के आयोजक पंडित राम आशीष शर्मा ने होली मिलन कार्यक्रम में भारी संख्या में पधारे सभी लोगों लोगों को होली की शुभकामनाये देते हुए आभार व्यक्त किया। होली मिलन समारोह में लोगों ने काफी समय तक रागनी कंपटीशन का आनंद लिया। कार्यक्रम में सम्मलित सतपाल तेवतिया, पंडित ईश्वर दयाल शर्मा, देवेंद्र सिसोदिया मनीष अग्रवाल।

# सड़क और नाली निर्माण के कार्य में राम नाम लिखी ईंट नहीं लगाई जाए-ईश्वर चंद्र

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने बताया जनसुनवाई मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से एक रिमांडर दिया गया है। जिसमें संजीवनी स्टेट कालोनी सीकरी खुर्द में नगरपालिका द्वारा सड़क और नाली निर्माण का कार्य में राम नाम लिखी ईंट लगाई जाने का विरोध किया है। ईश्वर चंद्र ने बताया है की पूर्व में की गई शिकायत पर निर्माण कार्य रोका दिया गया था लेकिन नाली से ईंटें नही हटवाई गयी। सनातन धर्म के आराध्य भगवान श्री राम का नाम पूरे जगत में आस्था और विश्वास के साथ पूजा जाता है। श्री राम नाम लिखी ईंटों से नाली निर्माण कार्य कराना सनातन धर्म की आस्था और विश्वास का ये घोर अपमान के साथ ही बेहद निंदनीय है। संस्था ने इस मामले में राम नवमी से पहले कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उचित कार्रवाई न होने पर कार्य सनातनी संगठनों को साथ लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय युवा ग्रामीण व शहरी विकास व्यापार मंडल के मोदीनगर विधान सभा अध्यक्ष अमित अग्रवाल नवरसन गुरु जी, एवं समाज सेवी हरेंद्र शर्मा, जोली, भाई विनय गर्ग, नितिन चौधरी, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार रोहित चौधरी आदि लोगों ने नाली मे राम नाम की इंटें लगाने का विरोध किया है।

# बीकापुर विधायक ने एक खडंजा सहित आधा दर्जन इंटर लाकिंग संपर्क मार्ग का किया लोकार्पण

वेलकम इंडिया



**सोहावल -अयोध्या** सोहावल विकास खंड क्षेत्र की पांच ग्रामसभा की आधा दर्जन से अधिक इंटर लाकिग सडको का बीकापुर विधायक अमित सिंह चौहान ने लोकार्पण किया। ब्लाक, प्रमुख अनिल कुमार प्रियदर्शी प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान की अगुवाई मे बरई खुर्द स्थित बाबा गोरईया देव मंदिर से रूदौली क्षेत्र कुरमियान का पुरवा संपर्क मार्ग तक खडंजा राम नगर निवासी राम सागर के घर से मुख्य मार्ग तक बरई कला निवासी अनिल मिश्रा के घर से राजेश सिंह के खेत तक मुस्तफाबाद बडागांव निवासी राम प्रकाश गुप्ता से ट्रांसफार्मर तक एवं सीबार इब्राहिम पुर' विसौली की विकास, खंड क्षेत्र पंचायत से बनाई गयी इंटर लाकिंग सडको का समारोह पूर्वक लोकार्पण करते हुए विधायक ने कहा बताया कि सरकार की गांवो के सवार्गीण विकास की योजना के तहत विकास खंड जिला पंचायत से लेकर विधायक निधि के खर्च पर विकास, का काम करने का बीडा उठाया हुआ है। गरीबी रेखा मे रहने वालो को मुफ्त राशन बीमारी के इलाज मे खर्च हो या हर घर जल योजना का काम डबल इंजन की सरकार मे वगैर भेदभाव के सभी को उपलब्ध कराया जा रहा है।

कार्यक्रम के संचालक मणिकांत मिश्रा ने मां भवानी के स्थान का सौंद्रियकरण तथा राम चंदर शुकला के घर से अमरेश तिवारी के घर तक इंटर लाकिग सडक बनाए जाने की मांग की। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, भीषम मिश्र, ओम प्रकाश तिवारी, जगराम यादव, राजेश सेन, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रमेश कुमार, केदार नाथ पांडेय दिलीप मिश्र, अमरेश सिंह, पिंटू तिवारी, राजा सिंह चौहान, सरदार बहादुर सिंह, सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रतियोगिताओं के विजेता को विधायक ने किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**अमानीगंज अयोध्या।** क्षेत्र के रामकृष्ण राज दुलारी इंटर कॉलेज पृथीपाल नगर सहजनमऊ का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक चंद्रभानु पासवान ने प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। छात्रों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अतिथियों का मन मोहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चंद्रभानु पासवान ने कहा कि शिक्षा से ही देश और समाज का उत्थान संभव है, छात्र ही राष्ट्र के भविष्य हैं, उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समय का सदुपयोग करें। विद्यालय के छात्रों में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। श्रवण कुमार पर आधारित एकांकी की प्रस्तुति पर खूब वाहवाही बटोरी। अतिथियों ने छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु उन्हें पुरस्कृत भी किया। सर्वे भवंतु सुखिना ट्रस्ट ने 500 छात्रों को बैग वितरण के लिए एक लाख बीस हजार रुपए दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम चन्दर धर दुबे ने की। प्रबंधक रामकृष्ण पांडे और प्रधानाचार्या ममता द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। संचालन शिक्षक एवं कवि अरुण द्विवेदी ने किया। इस मौके पर प्रदीप श्रीवास्तव, विनोद पांडे, विनय धर, श्रीकृष्ण दुबे, मनोजधार दुबे, सुभाष तिवारी, प्रताप नारायण मिश्रा, हरिश्चंद्र दुबे, अनिल कुमार, मोहर सिंह, ज्ञान धर दुबे, आलोक द्विवेदी, विपुल तिवारी, डॉ राम शंकर दुबे, रमेश दुबे, डॉ विनोद सिंह, सर्वेश तिवारी आदि विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक प्रधानाचार्य व शिक्षक उपस्थित रहे।

# एहसास संस्था ने महिला सफाई कर्मियों के साथ मनाया महिला दिवस

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** एहसास महिला समिति मोदीनगर ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष आयोजन किया, जिसमें नगर पालिका परिषद मोदीनगर के अंतर्गत कार्यरत महिला सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। एहसास संस्था जो कि अपनें कुछ अलग ही हटकर समाजिक कार्य के लिए जानी जाती है के सदस्यों ने आज महिला सफाई कर्मियों के साथ वक्त बिताया और उन्हें सम्मान तथा उपहार देकर प्रोत्साहित किया। यह आयोजन गोविंदपुरी स्थित निष्काम भवन में आयोजित किया गया। सम्मानित होनें वाली महिला कर्मियों में विमलेश, शीला, कोमल, बाला, सोनू, बबीता, राजो एवं रितु रही।

# विशाल दंगल में बृजभूषण शरण सिंह ने पहलवानो का मिलवाया हाथ

वेलकम इंडिया

**बाबा बाजार/अयोध्या** रुदौली-विशाल दंगल का आयोजन रविवार को माँ कामाख्या धाम महोत्सव में किया गया।बतौर मुख्य अतिथि निवर्तमान सांसद कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने शिरकत किया।महोत्सव न्यास के मुख्य संरक्षक बीजेपी विधायक रामचंद्र यादव के नेतृत्व में मुख्य अतिथि श्री सिंह का भव्य स्वागत किया गया।महोत्सव न्यास के अध्यक्ष रविकान्त तिवारी मोनू ने बृजभूषण शरण सिंह को माता कामाख्या धाम का स्मृति चिन्ह भेंट किया। माँ कामाख्या नगर पंचायत में सात दिवसीय चल रहा महोत्सव।चतुर्थ दिवस में दंगल के अखाड़े में पुरूष व महिला पहलवानों ने प्रतिभाग लिया।कार्यक्रम शुभारंभ से पूर्व माँ कामाख्या धाम मंदिर में बृजभूषण शरण सिंह व बीजेपी विधायक रामचंद्र यादव ने माथा टेक आशीर्वाद प्राप्त किया।उसके बाद कार्यक्रम स्थल पर दीप प्रज्वलित करने के बाद अखाड़े पर मुख्य अतिथि ने विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद पहलवानों के हाथ मिलवा कर दंगल का शुभारंभ कराये।दंगल के अखाड़े में प्रथम राउंड में उतरे दोनों पहलवानो ने बराबर की लड़ाई लड़ी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बृजभूषण शरण सिंह ने कहा यह मेरा सौभाग्य है कि माता कामाख्या का दर्शन करने का दूसरी बार मौका मिला।2022 में जब मैं आया था तो माता जी आशीर्वाद लिया था।श्री सिंह ने उद्धव ठाकरे पर भी तंज कस दिया। हमने कहा था कि जब तक उत्तर भारतीय उद्धव ठाकरे उत्तर भारतीय यानी बिहार उत्तर प्रदेश झारखंड छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश राजस्थान दिल्ली यानी उत्तर भारत से माफी नही मांगे की उन्होंने गलती की है गरीबो के साथ किसानों के साथ हम उनको अयोध्या की धरती पर उतरने नही देंगे जब मैं यहाँ आया था तो माता जी से कहा था कि या तो माफी मांग ले या तो अपनी यात्रा कैंसिल कर ले और उनको यात्रा कैंसिल करनी पड़ी।तब से इस मंदिर के प्रति इस क्षेत्र के प्रति मेरी बड़ी आस्था जुड़ गई।श्री सिंह ने खाद्य उत्पाद बनाने वाले उद्योगपतियों व प्रचार कर रहे सदी के महानायक अमिताभ बच्चन को भी आड़े हाथों लिया, बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि जब खुद बृजभूषण सिंह अपनी गाय देख सकते हैं अपनी भैंस देख सकते हैं अपनी खेती देख सकते हैं तो आप लोग क्यों नहीं कर सकते, आप लोग अपनी खेत से उगे हुए अनाज व सब्जियों का उपयोग कीजिए, बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि यह उद्योगपती आपके लिए काम नहीं करते यह अपने लिए काम करते हैं, इन उद्योगपतियों ने आज से 15 साल पूर्व हम लोगों को धान की भूसी खिला दिया, रिफाइंड के नाम पर धान की भूसी खिला दिया।



# केशव प्रसाद मौर्य ने वसुंधरा में 'श्रीति वाटिका' का किया लोकार्पण




वेलकम इंडिया

## 'श्रीति वाटिका' पार्क परिजनों के लिए 'श्रीति' बिटिया की स्मृतियों को सहेजने का कार्य करेगा - केशव प्रसाद मौर्य

**गाजियाबाद।** शहर की पॉश कॉलोनी वसुंधरा के सेक्टर-5 में दिवंगत 'श्रीति यादव' की स्मृति में नगर निगम के द्वारा विकसित पार्क ह्यश्रीति वाटिका' का लोकार्पण उप-मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार केशव प्रसाद मौर्य ने किया।

इस अवसर पर मंचासीन गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा, गाजियाबाद के जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगरायुक्त विक्रमादित्य मलिक, गाजियाबाद के शहर के विधायक व महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी संजीव शर्मा, पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, पूर्व विधायक रूप चौधरी, प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी, वार्ड 54 वसुंधरा के पार्षद सतेंद्र चौधरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने की और संचालन पूर्व विधायक रूप चौधरी ने किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य वसुंधरा सेक्टर - 5 में वरिष्ठ पत्रकार श्यामलाल यादव के घर पहुंच कर उनकी दिवंगत बेटी 'श्रीति यादव' के चित्र पर माल्यार्पण करके भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारजनों के साथ भावनात्मक क्षण को साझा किया। तत्पश्चात उन्होंने 'श्रीति वाटिका' पार्क का नामकरण किया और रिबन काट करके आधुनिक संसाधनों से युक्त शानदार ओपन जिम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पार्क परिजनों के लिए 'श्रीति' बिटिया की स्मृतियों को सहेजने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि 'श्रीति वाटिका' पार्क का लोकार्पण क्षेत्रवासियों के लिए एक नई सौगात है, जो लोगों को स्वास्थ्य, हरियाली और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रतीक बनेगा। सांसद अतुल गर्ग ने श्रीति यादव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि श्रीति वाटिका सेक्टर - 5 के निवासियों व बच्चों को स्वास्थ्य रखने में योगदान देगी। इस अवसर पर संबोधन करते हुए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि 'श्रीति वाटिका' पार्क क्षेत्रवासियों लिए बड़ा उपहार है, उन्होंने कहा कि इस नेक काम को रोकने के लिए कुछ लोगों मेरे पास आये जिनकों उन्होंने समझा दिया है। गाजियाबाद शहर के विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि 'श्रीती वाटिका' का लोकार्पण क्षेत्रवासियों के लिए एक नई सौगात है, जो हरियाली और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रतीक बनेगी। इस अवसर पर श्रीति यादव के पिता वरिष्ठ पत्रकार श्यामलाल यादव ने सभी उपस्थित गणमान्य नागरिक, अधिकारियों व लोगों का आभार व्यक्त किया। पूर्व विधायक रूप चौधरी ने 'श्रीति यादव के नाम पर पार्क का नाम 'श्रीति वाटिका' रखने पर मेयर सुनिता दयाल, नगरायुक्त विक्रमादित्य मलिक व अन्य सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने दिवंगत श्रीति यादव को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि 'श्रीति वाटिका' बिटिया की स्मृतियों को सहेज कर रखेंगी। इस अवसर पर श्यामलाल यादव, देवेन्द्र राय, सुरेन्द्र चौधरी, मोहित त्यागी, शिखर यादव, वशिष्ठ यादव, प्रदीप यादव, इस्कॉन यादव, महेश चौधरी, महेंद्र चौधरी, आशीष चौधरी, संदीप त्यागी, नितिन त्यागी, रविन्द्र त्यागी, मनीष त्यागी, राहुल शर्मा, विरेन्द्र प्रताप सिंह त्यागी, दीपक त्यागी, राजीव शर्मा, कांति त्यागी, अमित त्यागी, सचिन सोनी, साहिल डबास आदि सहित सम्मानित क्षेत्रवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रहीक आदि।

# डॉ आचार्या कृति शर्मा को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने किया सम्मानित

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्सव भवन, गाजियाबाद में आयोजित समारोह में कौशांबी निवासी डॉ आचार्या कृति शर्मा को सामाजिक कार्यो और महिला सशक्तिकरण में योगदान के लिए केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा सम्मानित किया गया. इस अवसर पर गाजियाबाद से लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, गाजियाबाद शहर विधानसभा से विधायक संजीव शर्मा, महानगर महिला मोर्चा संयोजक डॉ उदिता त्यागी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे. गाजियाबाद में आयोजित इस कार्यक्रम में अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाली 11 महिलाओ को सम्मानित किया गया. डॉ आचार्या कृति शर्मा पिछले 15 वर्षो से ज्योतिष, रेकी चिकित्सा और सामाजिक उत्थान विशेषकर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रही हैं. उनका 'तनाव मुक्त जीवन' अभियान समाज के लोगो को बेहतर जीवन जीने की राह दिखा रहा हैं. समाज के कल्याण के प्रति पूर्ण समर्पण का भाव रखने वाली डॉ आचार्या कृति शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के अंतोदय के विचार से अति प्रभावित हैं और अंतिम सीडी पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. वह महानगर महिला मोर्चा संयोजक डॉ उदिता त्यागी के सेवा भाव विशेषकर सनातन धर्म के प्रति उनकी लगन और निष्ठा से भी बेहद प्रेरित हैं।

# वैशाली में खाटू श्याम जी संकीर्तन का भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं ने उठाया आनंद



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वैशाली स्थित राम वाटिका में श्याम सांवरिया सरकार वैशाली द्वारा फागुन महोत्सव के शुभ अवसर पर खाटू श्याम जी संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर सुबह निशान यात्रा निकाली गई, जिसके बाद शाम को संकीर्तन का भव्य आयोजन हुआ। खाटू श्याम जी के संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों ने भाग लिया और भजन-कीर्तन के मधुर सुरों में डूबकर भक्ति का आनंद लिया। संकीर्तन के दौरान राम भक्तों ने भजनों पर नृत्य किया और माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, गाजियाबाद विधायक संजीव शर्मा, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री राजा वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक मोगा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जीडीए बोर्ड के सदस्य पवन गोयल, मंत्री नरेंद्र कश्यप के प्रतिनिधि सौरभ जायसवाल, पार्षद गौरव सोलंकी, धीरज अग्रवाल, राजू शर्मा, हिमांशु शर्मा, राहुल शर्मा, पूर्व पार्षद मीरा भंडारी, वरिष्ठ भाजपा नेत्री रूबी अग्रवाल, अनिल शर्मा मौजूद रहे।

# तुराब नगर का नाम बदलकर हुआ सीताराम बाजार, व्यापारियों में हर्ष

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** प्रतिष्ठित तुराब नगर बाजार का नाम अब सीताराम बाजार हो गया है। नगर निगम की बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव के पारित होते ही व्यापारियों में हर्ष का माहौल बन गया। नाम बदलने की इस मांग को लेकर पिछले एक वर्ष से व्यापार मंडल के पदाधिकारी प्रयासरत थे, जो अब सफल हो गई है। बाजार का नाम बदलने पर व्यापारियों ने खुशी जताते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। तुराब नगर व्यापार मंडल के चेयरमैन रजनीश बंसल ने बताया कि यह मांग काफी समय से की जा रही थी, जिसे अंततः क्षेत्रीय पार्षद नीरज गोयल ने नगर निगम की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाकर पूरा किया। मुख्य बाजार के साथ ही बाजार की आंतरिक गलियों के नाम भी रामायण और महाभारत के प्रसिद्ध पात्रों के नाम पर रखे गए हैं।

मुख्य बाजार के साथ ही आंतरिक गलियों के नाम को भी रामायण और महाभारत के चरित्रों के नाम पर रखा गया है। जैसे आंबेडकर मार्ग की तरफ से बाजार में आने पर बाएं तरफ की पहली गली का नाम राम गली, दूसरी गली का नाम लक्ष्मण गली, तीसरी गली का नाम भरत गली, चौथी गली की नाम शत्रुघ्न गली, पांचवीं गली का नाम हनुमान गली, छठी अर्जुन नगर की तरफ जाने वाली गली का नाम अर्जुन गली रखा गया है। इसी प्रकार अंबेडकर मार्ग की तरफ से आने पर दाहिनी तरफ की पहली गली का नाम सीता गली, दूसरी गली का नाम कौशल्या गली, तीसरी गली का नाम सुमित्रा गली, चौथी गली का नाम युधिष्ठिर मार्ग रखा गया है।

## सल ग्रुप के खिलाफ दूसरी एफआईआर दर्ज, महिला ने लगाया जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में अंसल ग्रुप के डायरेक्टर और अधिकारियों के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज की गई है। यह केस लखनऊ के गोमती नगर स्थित ग्रीनवुड टावर की निवासी कुमुद त्रिपाठी की ओर से दर्ज कराया गया है। इससे पहले भी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा अंसल ग्रुप के खिलाफ एक मामला दर्ज कराया जा चुका है। कुमुद त्रिपाठी ने पुलिस कमिश्नर से की गई शिकायत में आरोप लगाया कि अंसल ग्रुप के अधिकारियों ने इलाके के एक भूमाफिया से मिलीभगत कर उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की।

# राज्य कर आयुक्त नितिन बंसल से औद्योगिक और व्यापारिक संगठनों की वार्ता



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य कर विभाग के आयुक्त नितिन बंसल (आईएएस) के आगमन पर जीएसटी कार्यालय में औद्योगिक और व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कर संग्रह बढ़ाने, पंजीकरण बढ़ाने और विभाग से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान डॉ. अतुल कुमार जैन ने व्यापारियों और उद्यमियों को आ रही समस्याओं को राज्य कर आयुक्त नितिन बंसल के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि सचल दल के अधिकारी छोटी-छोटी तकनीकी या क्लेरिकल गलतियों के कारण भी वाहनों को रोक कर भारी जुमार्ने और टैक्स जमा करने का दबाव बनाते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार नियमों के विपरीत भी गाड़ियों को रोककर व्यापारियों को परेशान किया जाता है, जबकि कर चोरी का कोई उद्देश्य नहीं होता। छोटी-मोटी त्रुटियों पर नियमानुसार मामूली जुमार्ना लगाकर छोड़ देना चाहिए। राज्य कर आयुक्त नितिन बंसल ने इस मुद्दे पर सहमति जताते हुए कहा कि जल्द ही इस विषय में एक नियम बनाया जाएगा।

# पुरानी पेंशन बहाली और निजीकरण समाप्ति के लिए सांसद अतुल गर्ग को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** अटेवा / राष्ट्रीय मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) की जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी ने पुरानी पेंशन बहाली और निजीकरण की समाप्ति की मांग को लेकर माननीय सांसद अतुल गर्ग को ज्ञापन सौंपा।

सांसद अतुल गर्ग के दिल्ली प्रवास पर होने के कारण उनके प्रतिनिधि श्री राजेंद्र कुमार मित्तल ने जिलाधिकारी कार्यालय पर आकर ज्ञापन लिया और आश्वासन दिया कि प्रधानमंत्री के नाम सांसद की ओर से पत्र भेजा जाएगा। साथ ही, संगठन के प्रमुख पदाधिकारी किसी अन्य दिन सांसद जी से मिलकर इस विषय पर विस्तृत चर्चा कर सकते हैं। इसके साथ ही, सांसद प्रतिनिधि ने अटेवा के सभी पदाधिकारियों को होली मिलन समारोह में आमंत्रित किया। इस महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपने के अवसर पर अटेवा गाजियाबाद की पूरी कार्यकारिणी उपस्थित रही। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मनीष कुमार शर्मा, जिला महामंत्री राम शेष वर्मा, जिला संरक्षक सुधीर त्यागी, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार चौहान, वरिष्ठ सलाहकार गोविंद कुमार सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष भोजपुर राजपाल यादव, ब्लॉक अध्यक्ष लोनी पारस गोस्वामी, महानगर अध्यक्ष अमित त्यागी, जिला प्रवक्ता मोहमद अब्बास, ब्लॉक अध्यक्ष मुरादनगर संजय चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष रजापुर गीता ढींगरा, जिला उपाध्यक्ष नवनीत चौधरी, जिला अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) आरती वर्मा, जिला महामंत्री (महिला प्रकोष्ठ): मीनू शर्मा आदि रहे।

# कश्यप-निषाद राष्ट्रीय अधिवेशन में उठी अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** कश्यप-निषाद संगठन के तत्वावधान में रविवार को गाजियाबाद के गोल्डन व्यू रिसॉर्ट में राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के उत्थान, अधिकारों और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। अधिवेशन में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की पुरजोर मांग उठाई। साथ ही उन्होंने महर्षि कश्यप जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की भी अपील की। अधिवेशन के दौरान यह भी घोषणा की गई कि 5 अप्रैल को एक भव्य महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकताओं को आमंत्रित किया जाएगा। समाज की एकजुटता और सशक्तिकरण के उद्देश्य से इस आयोजन को बड़े स्तर पर आयोजित करने की रणनीति बनाई गई है।

# कलेक्ट्रेट और विकास भवन में होली के स्टाल लगेंगे

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए होली के पारंपरिक उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे। ये स्टॉल विकास भवन, कलेक्ट्रेट, कॉलेज और शहर के प्रमुख मॉल्स में उपलब्ध होंगे। जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव ने बताया कि शहर के ग्रामीण इलाकों से 30 महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया था, जिसके बाद उन्होंने होली के हर्बल रंग, साबुन, आचार, चिप्स, पापड़, मुरब्बा और अन्य पारंपरिक खाद्य उत्पाद तैयार किए हैं। इन स्टॉलों पर प्राकृतिक और हानिरहित हर्बल रंग भी उपलब्ध होंगे, जो त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचाते। इसके अलावा, महिलाओं ने हर्बल साबुन भी तैयार किए हैं, जो पूरी तरह रासायनिक रहित और प्राकृतिक तत्वों से युक्त हैं। इस पहल से स्थानीय महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा।

# लोहा विक्रेता मंडल का वार्षिक अधिवेशन एवं होली मंगल मिलन कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में वार्षिक अधिवेशन, स्थापना दिवस एवं होली मंगल मिलन का भव्य और रंगारंग आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग उपस्थित रहे, जिन्होंने सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम की सराहना की। इस मौके पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक संजीव शर्मा, पूर्व सांसद (राज्यसभा) डॉ. अनिल अग्रवाल, पूर्व मेयर आशु वर्मा, दर्जा प्राप्त पूर्व मंत्री बलदेव राज शर्मा, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिंह सिरोही, पवन गोयल, मयंक गोयल, गोपाल अग्रवाल, अजय शर्मा, पार्षद गण, औद्योगिक, व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारी गण, पत्रकार बंधु और बड़ी संख्या में लोहा व्यापारी एवं आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की विशेषता राधा-कृष्ण की फूलों की होली, भगवान श्रीराम के गीतों पर नृत्य एवं झांकियां, और देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां रहीं। इन भावनात्मक और रंगारंग प्रस्तुतियों ने पूरे आयोजन की शोभा बढ़ा दी। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन और महामंत्री अमरीश जैन ने सभी कार्यकारिणी पदाधिकारियों के साथ मिलकर मुख्य अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर लोहा विक्रेता मंडल से जुड़े प्रमुख व्यापारी और पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से बृजनंदन गुप्ता, जय कुमार गुप्ता, बृजमोहन सिंघल, सुभाष गर्ग, महेश गुप्ता, दीपक सिंघल, गौरव मिगलानी, सतीश बंसल, सुबोध गुप्ता, सौरभ गोयल, सुरेश चंद्र गुप्ता, मोहनलाल अग्रवाल, सतीश चंद्र बंसल, विनीत गोयल, सुधीर जैन, संजय गोयल, इंद्र मोहन कुमार और राजकुमार अग्रवाल समेत कई अन्य व्यापारी शामिल रहे।